CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 28 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –150 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





ईद-मिलादुन्नबी आज पृष्ठ 3

■ सरकार की अंतरात्मा कहां है?
■ भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी पृष्ठ 4

■ नाजी इकाई के लड़के को 'हीरो' कहने वाले कनाडाई संसद के अध्यक्ष का इस्तीफा
■ इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत पृष्ठ 9

भारत ने दो स्वर्ण समेत सात पदकों पर लगाया निशाना पृष्ठ 10

### मणिपुर में थम नहीं रहा हिंसा का दौर

# 19 थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य अशांत क्षेत्र घोषित

**इम्फाल**, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। हिंसाग्रस्त मणिपुर में सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में यथास्थिति बरकरार रखने और उसे आगामी एक अक्टूबर से अगले छह महीने तक 'अशांत क्षेत्र' की श्रेणी में रखने का निर्णय लिया है।

सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने इस आदेश को बुधवार को मंजूरी दे दी और यह आगामी एक अक्टूबर से लागू होगा। इस दौरान राज्य प्रशासन की मदद के लिए अशांत क्षेत्रों में सेना तैनात रहेगी।

सरकार का कहना है कि अभी राज्य में कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा या उसका आंकलन करना संभव नहीं है इसलिए 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में यथास्थिति बनाये रखते हुए इसे अशांत क्षेत्र की श्रेणी में ही रखा जा रहा है।



आदेश में कहा गया है कि जिन 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को अशांत क्षेत्र के दायरे से बाहर रखा गया है उनमें इम्फाल, लेम्फेल, सिटी , सिंगजेमी, सेकमल, लेमसंग, पेटसोल, वंगोई,

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### खूबसूरत राज्य मणिपुर युद्धक्षेत्र में बदला : खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की और उनसे भाजपा के अक्षम मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने का आग्रह किया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया– 147 दिनों से मणिपुर के लोग पीड़ित हैं, लेकिन पीएम मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। इस हिंसा में छात्रों को निशाना बनाए जाने की भयावह तस्वीरों ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है।

### मणिपुर की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा कि मणिपुर में मासूम युवाओं का अपहरण करके उनकी हत्या की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं वे भयावह हैं और इससे साफ है कि पिछले पांच माह में वहां स्थिति बहुत बिगड़ी है और सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही है। पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन युवाओं की भयावह तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं वे खौपनाक हैं और जिन लोगों ने यह अपराध किया है उनको जल्द से जल्द पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# रायपुर को 1022 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



- शारदा चौक से तात्यापारा चौक सड़क के चौड़ीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन
- मुख्यमंत्री ने तेलीबांधा चौक और रिंग रोड क्रं. 1 से अग्रसेन धाम चौक लाभांडी तक 6 लेन फ्लाई ओवर ब्रिज का किया भूमिपूजन
- खारून रिवर फंट निर्माण, माडर्न तहसील भवन एवं नए जिला पंजीयक कार्यालय के निर्माण की रखी आधारशिला

**रायपुर**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर शहर को 1021 करोड़ 59 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात देते हुए 7 बड़े विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने तात्यापारा नवीन मार्केट में स्थित छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा खूबचंद बघेल की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए रायपुर शहर के लोगों को इन विकास कार्यों की सौगात दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर शहर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है और सबकी

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी टेनिस अकादमी का किया लोकार्पण

रायपुर में 3 हजार की दर्शक क्षमता के साथ 4 एकड़ क्षेत्र में 17.75 करोड़ रुपए की लागत से छत्तीसगढ़ की पहली टेनिस अकादमी रायपुर में तैयार हुई। जिसका लोकार्पण आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नेकर दिया है। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल तथा लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहे। इस टेनिस अकादमी की सौगात मिलने पर टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने सीएम बघेल का आभार जताया और कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखियां द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम के बाद अब प्रदेश के खिलाड़ियों को एक और बड़ी सौगात टेनिस अकादमी के रूप में मिल गई है। रायपुर के लाभांडी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मुख्यमंत्री ने पेश की मानवता की मिसाल

- कार्यक्रम रोककर जाम में फंसे एंबुलेंस को ट्रेफिक से निकलवाया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अक्सर अपने प्रोटोकाल से इतर लोगों से मिलने के लिए रूक जाते हैं और बच्चों के प्रति उनके स्नेह से सभी वाकिफ हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानवीयता से भरा एक और चेहरा देखने को मिला। दरअसल तात्यापारा के नवीन मार्केट में लोक निर्माण विभाग के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंच से देखा कि एक एंबुलेंस वाहनों के जाम में फंस गयी है और ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने ईद-मिलादुन्नबी की दी मुबारकबाद

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुस्लिम भाईयों सहित प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर उन्होंने देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली की कामना की है।

### खालिस्तान-गैंगस्टर्स नेटवर्क पर 7 राज्यों में 53 जगह छापेमारी

**नई दिल्ली।** देश में आतंकवादी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को देश के 7 राज्यों में छापेमारी की. एनआईए की ओर से की गई इस छापेमारी में कई लोग हिरासत में लिए हैं। सुबह शुरू हुई इस छापेमारी में एनआईए ने 53 जगहों पर छापे मारे, जिसमें हथियार, गोला-बारूद भी बरामद किया।

### दानिश अली को मिल रही जान से मारने की धमकियां

**नई दिल्ली।** बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) सांसद कुंवर दानिश अली ने बुधवार को कहा कि संसद में जबसे उनके ख़िलाफ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सांसद रमेश बिधुड़ी की ओर से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है तब से उन्हें नफरत भरे संदेश और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

### हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों का सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली।** हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों ने खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र की पुरजोर वकालत करते हुए इस क्षेत्र में सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। भारत और अमरीका की सेनाओं ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के 13 वें द्विवार्षिक सम्मेलन की यहां संयुक्त रूप से मेजबानी की थी। सोमवार को शुरू हुआ यह सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में 1.40 लाख से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को कहा कि दस दिनों के भीतर, पीएम विश्वकर्मा योजना को 1.4 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# सुमभाठा में आज कृषक सह श्रमिक सम्मेलन

## 24.52 लाख किसानों को जारी होगी 1895 करोड़ की तीसरी किश्त

**रायपुर/भाटापारा**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के सुमाभाठा में गुरुवार 28 सितंबर को कृषक सह श्रमिक सम्मेलन का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस कार्यक्रम में कृषकों और श्रमिकों को न्याय योजनाओं एवं श्रमिक योजनाओं की राशि का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में 266 करोड़ रुपए के 264 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण होगा। इनमें 176 करोड़ रुपए के 150 कार्यों का लोकार्पण एवं 90 करोड़ रुपए की राशि के 114 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।



- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे मुख्य अतिथि

सम्मेलन में राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को उनके बैंक खातों में 1895 करोड़ रुपए और गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि अंतरित ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# गाज गिरने से 3 महिलाओं की मौत

**बालोद/देवरी बंगला**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम किसना में आज दोपहर बाद मिली जानकारी के अनुसार बिजली चमकने व आकाशिय बिजली गिरने से 3 महिलाओँ की मौके पर ही मौत हो गई है। जिनमे चमेली निषाद ,कामीन निषाद, बिसंतीन साहू ग्राम किसना ये सब दल्लू निषाद के अपने खेत में निदाई के कार्य कर रहे थे



और खाना खाने के लिए पेड़ के समीप थे लेकिन अचानक बारिश हो गई जिससे आकाशीय बिजली के चपेट मे आ गए जिनका मौके पर ही मौत हो गई इन्हे देवरी अस्पताल में लाया गया है जिनका पोस्टमार्टम की कार्यवाही डौंडीलोहारा मे होगा । देवरी थाना से मिली जानकारी अनुसार आगे की कार्यवाही जारी है।

# देश में बेरोजगारी चरम पर : राहुल गांधी

**नई दिल्ली**, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया गया है, इसी का परिणाम है कि डिग्रीधारी इंजीनियर कुली का काम कर रहे हैं। श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला। डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। रेलवे से न पगार, न पेंशन, न स्वास्थ्य बीमा और न सरकारी सुविधा। मगर इन्हें उम्मीद है, समय बदलेगा और मुझे पूरा विश्वास।

- डिग्री इंजीनियर कर रहे हैं कुली का काम



कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी बेरोजगारी को लेकर 'एक्स' पर कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा त्रस्त हैं और वे कुली का काम करने को भी मजबूर हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने आनंद विहार टर्मिनल के कुलियों ने श्री गांधी से मिलने की इच्छा जताई थी। श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उनसे मुलाक़ात की। बातचीत के दौरान कुछ ने बताया कि वे बीमारी के बावजूद काम करने को मजबूर हैं। कुछ इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर भी कुली का काम कर रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारों के लिए राजस्थान सरकार के काम की तारीफ की और कहा, एक कुली, जिसका परिवार राजस्थान में है, ने बताया कि चिरंजीव योजना के तहत उसकी मां का 60 हजार रुपए का मुफ्त इलाज़ हुआ है।

# देश में पहली बार लाइमस्टोन ब्लाक की 200 फीसदी की अधिकतम बोली

**रायपुर**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। देश में पहली बार किसी लाइमस्टोन ब्लाक के लिए 200 प्रतिशत की अधिकतम बोली लगाई गई है। खनिज विभाग द्वारा जिला बलौदाबाजार स्थित देवरी एवं सलोनी तथा जिला बेमेतरा दुर्ग स्थित करेली चंडी लाईमस्टोन ब्लॉक्स को ई–नीलामी के माध्यम से कंपोजिट लायसेंस के रूप में आबंटन किया गया है।

- ई-ऑक्शन के माध्यम से राज्य में 3 लाईमस्टोन ब्लॉक्स का भाटापारा-बलौदाबाजार, बेमेतरा-दुर्ग में आबंटन

खनिज संचालनालय के संयुक्त संचालक एवं आक्शन अधिकारी नोडल अनुराग दीवान ने बताया कि देवरी एवं करेली चंडी लाईमस्टोन ब्लाक्स हेतु मेसर्स रूंगटा सन्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा क्रमशः 141.05 प्रतिशत तथा 127.75 प्रतिशत ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### केजरीवाल का बंगला मरम्मत प्रकरण

# सीबीआई ने दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले की मरम्मत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। जांच एजेंसी ने बुधवार को मामला दर्ज किया है। 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने उनके बंगले और इसके कैम्पस में बने कार्यालय की मरम्मत को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं इसके बाद 18 जून को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के 7 अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के अंदर अपना जवाब देना था। इस मामले पर आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा हमारी पार्टी को खत्म करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। अब वे (भाजपा) केजरीवाल पर लगाम लगाना चाहते हैं, इसलिए सभी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, उनके साथ 2 करोड़ दिल्लीवासियों का आशीर्वाद है।

# मुख्यमंत्री ने किया निर्भया कमांड और कंट्रोल सेंटर का शुभारंभ

**रायपुर**, 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में यात्री बसों में महिलाओं एवं स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत सभी स्कूल बस में पैनिक बटन लगाया जाएगा और व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से गाड़ियो की ट्रैकिंग किया जाएगा। पैनिक बटन लगने से बस में किसी प्रकार की दुर्घटना, छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत निर्भाया कमांड सेंटर और पुलिस विभाग के डायल 112 को सूचना मिल जाएगी। इसके साथ ही बसों का लोकेशन, स्पीड आदि का भी पता चलता रहेगा। इससे बसे नियंत्रित गति से चलेगी, जिससे हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी। जीपीएस सिस्टम का कंट्रोल रूम डायल 112 के कार्यालय में बनाया गया है।



- महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ी पहल
- स्कूल बस और यात्री बस में लगेंगे जीपीएस और पैनिक बटन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से आज परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसमें महिला सुरक्षा हेतु निर्भया कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (जीपीएस) शामिल है। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था के शुरू होने से जनता को किसी तरह के खतरे तथा अनहोनी से निपटने में काफी सहूलियत होगी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 12 हजार बसें संचालित हो रही हैं, जो अलग–अलग रूट से प्रदेश के कोने–कोने तक जा रही हैं। इसी तरह राज्य में लगभग 6000 स्कूल बस भी संचालित है। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस के लगने से बसों की पल–पल की जानकारी मिलेगी। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा सुगम ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# कवर्धा जिले के सरोदा दादर गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

**कवर्धा**, 27 सितंबर (देशबन्धु) ।विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा इस वर्ष छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के सरोधा–दादर गाँव को राष्ट्रीय स्तर पर रजत श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार दिया गया है। सरोधा दादर को देश भर के 795 पर्यटन ग्रामों की प्रतियोगिता में विभिन्न मापदंडों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ ग्राम के रूप में चुना गया।

पर्यटन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित समारोह में सरोधादादर गाँव के मंगल सिंह धुर्वे ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पर्यटप मंत्री ताम्रध्वज साहू, कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने भारतीय पर्यटन मानचित्र पर कबीरधाम जिले के ग्राम सरोदा दादर को राष्ट्रीय स्तर पर रजत श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## चुनाव अभियान

### चुनाव की तिथियों के ऐलान से पहले तैयारी में जुटी भाजपा, 30 को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में करेंगे जनसभा

# चुनावी मिशन में जुटे प्रधानमंत्री मोदी, पांच राज्यों का करेंगे तूफानी दौरा

**नई दिल्ली, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव की तिथियों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राज्यों का तूफानी दौरा करेंगे। उनकी नजर खासकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पर है, जहां भाजपा की चुनावी संभावनाएं फिलहाल बेहतर नहीं है।**

*प्रधानमंत्री इस माह के आखिर में यानि 30 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले का दौरा करेंगे और वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा तीन अक्टूबर को वे जगदलपुर में रहेंगे और वहां भी जनसभा को करेंगे। सूत्रों की माने तो आगामी एक अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी तेलंगाना के दौरे पर होंगे और महबूबनगर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके एक दिन बाद ही यानि तीन अक्टूबर को वे फिर से तेलंगाना पहुंचेंगे और निजामाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। वही मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री पहले से ही अपनी ताकत झोंक रहे हैं। 25 सितम्बर को भोपाल में एक जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। अब दो और पांच अक्टूबर को वे फिर से सूबे के दौरे पर होंगे और कई जनसभाओं व रैलियों को संबोधित करेंगे।*

*इस साल के आखिर में इन सभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। हालांकि अभी तक चुनाव तिथियों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन माना जा रहा है कि 14 अक्टूबर के बाद चुनाव आयोग कभी भी इन राज्यों के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इससे पहले प्रधानमंत्री इन सभी राज्यों में कई बड़ी रैलियों व जनसभाओं को संबोधित करेंगे। अगले साल अप्रैल–मई में लोकसभा चुनाव होने हैं इस लिहाज से पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को बेहद अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद साइंस सिटी में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20वें एनिवर्सरी प्रोग्राम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते आईं चुनौतियों पर बात की। मोदी ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की।*

# देश

**उवाच** "भ्रष्टाचार रोकना कठिन काम नहीं है। जिस दिन लोग ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसे और विकास योजनाओं में कमीशन लेना बंद कर दें, दावा करता हूं कि भरष्टचार काफी हद तक खत्म हो जाएगा, अधिकारी को पैसे लेने की हिम्मत नहीं होगी।

–बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32° | 24° |
| मुंबई | 27° | 26° |
| कोलकाता | 32° | 27° |
| चेन्नई | 28° | 27° |

# जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव के आयोजन में की शिरकत

**इंदौर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। इंदौर में आयोजित स्मार्ट सिटी कॉफ्रेंस में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इंदौर को देश के सबसे स्मार्ट शहर और एमपी को बेस्ट स्टेट का अवार्ड सौंपा। जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जलवायु परिवर्तन एक बड़ा मुद्दा है। हमें राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए काम करना होगा। उन्होंने स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है।

### राष्ट्रपति ने इंदौर को दी बधाई

उन्होंने मध्य प्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुर्मु ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी,



शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है : द्रोपदी मुर्मू

लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों का जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।

इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जो प्रत्येक विषय पर तथा हर स्तर पर सतत विकास की चर्चा में शामिल है। वह है क्लाईमेट चेंज इस संदर्भ में क्लाईमेट स्मार्ट सिटीस असेसमेंट फ्रेमवर्क जो भारत के 100 स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था, वह इस बात का उदाहरण है कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय स्तर पर कैसे कार्य किया जा सकता है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केंद्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी।

### महिलाओं की सुरक्षा पर और ध्यान देने की है जरूरत : राष्ट्रपर्ति

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि शहर में सीसीटीवी सर्विलांस से सुरक्षा मजबूत हो रही है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा पर और ध्यान देने की जरूरत है। शहरों में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट आ रहा है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। शहर में ग्रीन एनर्जी पर ध्यान दिया भी दिया जा रहा है, लेकिन इस दिशा में और काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अभी भी मलेरिया और डेगू जैसी बीमारियां शहरों में हर साल फैलती है। स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी क्षेत्रों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को गौंड पेंटिंग भेंट की। स्मार्ट सिटी से जुड़ी तीन किताबों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अगली स्मार्ट सिटी अवार्ड स्पर्धा की घोषणा की गई। अगले साल 10 जनवरी तक स्मार्ट शहर अपनी प्रविष्टियां भेज सकते है।

## पटनायक के खिलाफ भाजपा का विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भुवनेश्वर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा विधानसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जिसे लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी ने पटनायक पर विपक्ष पर हमला करने और विधानसभा की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। आरोप के अनुसार मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को सदन में अपने स्वत: संज्ञान बयान में विपक्षी दलों को कथित तौर पर जनविरोधी कहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पटनायक से माफी की मांग कर रही है। शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश करते हुए माझी ने आरोप लगाया कि पटनायक ने विपक्षी दलों का अपमान किया है और सदन और सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

मांझी ने मांग की कि मुख्यमंत्री 25 सितम्बर को सदन में दिए अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि पटनायक ने 25 सितम्बर को सदन में एक बयान में कहा था कि विपक्ष जनविरोधी है और लोग उन्हें करारा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोग खुश हैं, जनप्रतिनिधि खुश हैं और विपक्षी सदस्यों को राजनीतिक कारणों से नाखुश नहीं होना चाहिए। माझी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने सचिव को बचाने के लिए सदन में बयान दिया और विपक्ष का अपमान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि हैं और जनता ने हमें चुना है और मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम जनविरोधी कैसे हो सकते हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक युगांतकारी : धनखड़

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक युगांतकारी करार देते हुए बुधवार को कहा कि जब तक 50 प्रतिशत मानवता के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता। धनखड़ ने बुधवार को राजस्थान में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में एक तिहाई आरक्षण देने के विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों की मान्यता और उनके अधिकार की पुष्टि है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी और प्रभावशाली यंत्र बताया और कहा कि इससे भारत के विकास में तेजी आएगी।



- राजस्थान में बिट्स पिलानी के छात्रों को किया संबोधित
- जीवन की बेहतरी के लिए शिक्षा को बताया प्रभावी यंत्र

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जवाबदेही और नागरिक भागीदारी के महत्व को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक नागरिक को संसद में याचिका प्रस्तुत करने का अधिकार है। उपराष्ट्रपति जगदीप ने कहा कि जी-20 सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करना भारत के सभ्यतागत लोकाचार के साथ गहराई से मेल खाता है।

### भ्रष्टाचार लोकतंत्र व विकास का हत्यारा

भ्रष्टाचार को लोकतंत्र और विकास का हत्यारा करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, सत्ता के दलालों के प्रभाव वाले सत्ता गलियारों को बेअसर करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। उन्होंने लोगों से भारतीय संस्थानों को कलंकित करने, बदनाम करने और कमजोर करने वाले भारत विरोधी वक्तव्यों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने का आह्वान किया।

## सार संक्षेप

### ईद-ए-मिलाद की ओम बिरला ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ईद-ए-मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि ईद-ए-मिलाद के अवसर पर शुभकामनाएं। इस दिन, आइए हम करुणा, एकता और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर मैं सभी भारतीयों के लिए शांति, सहिष्णुता, दया और समझ की कामना करता हूं।

### तमिलनाडु कांग्रेस पदाधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के एक जिला पदाधिकारी की कल रात उपनगरीय तांबरम के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कांचीपुरम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलावुर नागराज की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब नागराज सड़क किनारे एक भोजनालय में खाना खा रहे थे तब एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। नागराज वालाजाबाद यूनियन काउंसलर भी थे।

### गया में लोजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**गया।** बिहार में गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के गमहरिया गांव के निकट जीटी रोड पर आज बाइक सवार तीन अपराधियों ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-पशुपति गुट) नेता अनवर खान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि आमस थाना क्षेत्र के सिहुली गांव के रहने वाले लोजपा नेता अनवर खान सैलून से आ रहे थे। जैसे ही वे गमहरिया बाजार के पास पहुंचे तभी बाइक सवार तीन अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलिया चलानी शुरू कर दी। जब-तक लोग कुछ समझ पाते तीनों अपराधी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गए। लोजपा नेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### मोदी की तेलंगाना यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

**हैदराबाद।** तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अक्टूबर की राज्य की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर सावधानीपूर्वक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी 365 खम्मम-सूर्यपेट सड़क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और वारंगल-खम्मम तथा खम्मम-विजयवाड़ा एनएच 163 ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल राजमार्ग की आधारशिला रखेंगे, जो नागपुर-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा का एक हिस्सा है।

## पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन ने जदयू से दिया इस्तीफा

**पटना,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व विधान परिषद सदस्य रणवीर नंदन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया और इसके तुरंत बाद ही जदयू ने उन्हें निष्कासित कर दिया। नंदन ने बुधवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को अपना त्याग पत्र भेजा, जिसमें लिखा था, मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। उन्होंने इस त्यगपत्र में पार्टी को छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया है। वहीं, नंदन के इस्तीफा देने के तुरंत बाद ही जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उनकी (नंदन की) पार्टी की प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। कुशवाहा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, आपके द्वारा पार्टी की विचारधारा से विपरीत लगातार प्रेस विज्ञप्ति जारी करने, बयान देने और पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी के सभी पद से पदमुक्त कर प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाता है। गौरतलब है कि राजनीतक गलियारे में कयास लगाया जा रहा है कि नंदन को जदयू के उचित स्थान नहीं दिये जाने की वजह से काफी समय से नाराज चल रहे थे और अंतत: उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही यह भी माना जा रहा है कि वह जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का फिर से दामन थामेंगे।

### पार्टी ने किया निष्कासित

## दिग्विजय ने सिंधिया पर बोला हमला

# बिकने वाले बिक गए अब कोई बिकने वाला नहीं

**उज्जैन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए कहा कि जो बिकने वाले थे बिक गए अब कांग्रेस में बिकने वाला कोई नहीं है। सिंधिया कहीं से भी चुनाव लड़ें पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनके बारे में तो मेरे विचार उसी दिन खत्म हो गए थे जब वे भाजपा में चले गए थे। उनके लड़ने से कांग्रेस को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। लोगों ने मन बना लिया है कि जो लोग धोखा देते हैं ऐसे लोगों को इस बार जनता धोखा देने वाली है। इन लोगों के साथ भी इस बार जनता उसी प्रकार का व्यवहार करेगी जो की होना चाहिए। उज्जैन में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसी वीभत्स घटना में सख्ती से कार्रवाई होना चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलना



धोखेबाजों को जनता देगी धोखा : दिग्विजय सिंह

चाहिए। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बुधवार को बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान वे हाथ जोड़कर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए। दिग्विजय ने कहा कि भाजपा ने व्यापारियों को लूटा है, चंदा वसूली की और जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया। हमने 15 महीने की सरकार के दौरान किसानों का 2 लाख का कर्ज माफ करने का निर्णय लिया था जिसमें 27 लाख किसानों के 1 लाख तक के कर्ज माफ भी हुए। हमारा वादा 2 लाख तक का था हम किसानों के 2 लाख तक का कर्ज माफ कर देते लेकिन तब तक उन्होंने सरकार गिरा दी। यानी भाजपा ने किसानों के साथ भी नुकसान किया। उनका भला भी नहीं किया। अनुसूचित जाति के भाइयों बहनों के बच्चों के बैकलॉग खाली पड़ा है, वह नहीं भरा जा रहा है। डेढ़ लाख नौकरियां उनको मिल सकती थीं वह नहीं भरी गईं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को जो छात्रवृत्ति मिलती थी पिछले 3 सालों से वह छात्रवृत्ति उन्हें नहीं मिल पाई। भाजपा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग पूरी नहीं कर पाए, जबकि हमने उसे पूरा कर दिया था।

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा फ्लॉप

भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा पर हमला करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि आज कौन सा वर्ग भाजपा को आशीर्वाद दे, जब लोगों को परेशान कर रहे हो, उनका हक छीन रहे हो। भाजपा को लोगों का काम करना चाहिए या उन्हें दर्द देना चाहिए। इसीलिए भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा फ्लॉप हो गई। आज लोगों में गुस्सा है और वह अब भाजपा को दंड देने के लिए बैठे हुए हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि अब भाजपा को काली कमाई का गुरूर है कि हम सभी को खरीद लेंगे लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि जो बिकने वाले थे वे बिक गए, अब कोई बिकने वाला नहीं है।

# मध्य प्रदेश में महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

- महिला सशक्तिकरण के प्रतिबद्ध सरकार ने कीं अहम पहले
- स्थानीय निकाय चुनावों में 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता

**भोपाल,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्य प्रदेश में बहनें चहुंओर तरक्की कर रही हैं। महिला उद्यमिता से लेकर, आवास योजना हो या फिर शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देना प्रदेश सरकार की शुरुआती योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए एक खुला आसमान दिया है। जिसका असर अब परिणाम के रूप में सामने आने लगा है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के कारण बहनें आर्थिक रूप से स्वावलंब हुई और स्थानीय निकाय चुनावों में स्वयं सहायता समूहों की 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता। महिला के नाम संपत्ति होने पर पंजीयन शुल्क घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया, जिससे महिलाओं को घर में बराबरी का दर्जा मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के एमवाई का नारा दिया गया, जिसका सीधा आश्य महिला योजना से है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में शुरू की गई महिला विकास एवं सशक्तिकरण की योजनओं से बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य की सरकार शुरू से इस बात की पैरोकार रही है कि महिलाओं को कारोबार शुरू करने के लिए हर संभव अनुकूल परिस्थितियां दी जाएं। इसके लिए सहकार के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। बाल विवाह कम होने और बीच में पढ़ाई छोड़ने वाली बेटियों की संख्या बढ़ोतरी हुई, बेटियों को आगे बढ़ने की राह दिखी तो उत्साह दोगुना हुआ। 12वीं कक्षा में पास टॉप करने वाली बेटियों को प्रदेश सरकार द्वारा ई स्कूटी दी जा रही है। प्रदेश में बेटियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर व्यवसाय में भी आगे बढ़ाने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। जिससे बहनों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

### स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा

मध्य प्रदेश में 4 लाख 78 हजार स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा गया। अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए इच्छुक पांच लाख स्वयं सहायता समूहों को 6083 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज दिलाया गया। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2007 में लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत की गई, योजना के माध्यम से अब तक 13 लाख 30 हजार बेटियों को 366 करोड़ रुपए से ज्यादा की छात्रवृति दी जा चुकी है। योजनाओं को शुरू करने और संचालित करने में धन की कमी को आड़े नहीं आए इसके लिए सबसे पहले महिला एवं बाल विकास के वार्षिक बजट को बढ़ाया गया। वर्ष 2003 से पहले विभाग का वार्षिक बजट मात्र 262.60 करोड़ रुपए था, जिसे बढ़ाकर 14,688 करोड़ रुपए कर दिया गया।

## केसीआर ने ईद मिलाद उन नबी पर दी बधाई



**हैदराबाद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने मिलाद उन नबी के अवसर पर मुसलमान भाइयों को बधाई दी। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मुसलमानों का मानना है कि अल्लाह ने विश्व शांति की स्थापना के लिए मुहम्मद को आखिरी पैगंबर नियुक्त किया था। मुख्यमंत्री केसीआर ने कामना की कि पैगंबर मोहम्मद की शांति, करुणा, धार्मिक सोच, दान, एकता और सभी मनुष्यों की समानता जैसी शिक्षाएं पूरी दुनिया में फैलेंगी। मुस्लिम अल्पसंख्यक लोगों के सामाजिक-आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम फलदायी हैं। केसीआर ने साफ कर दिया कि तेलंगाना में गंगा जमुना तहजीब के संरक्षण के लिए उनके प्रयास जारी रहेंगे।

## आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करे केंद्र : सोरेन



**रांची,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुन: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आदिवासियों के हित में आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा कि हम आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं तथा पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड प्रदेश जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जहां इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। झारखंड की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है।

इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वंय जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति हैं। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श एवं मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से अलग है। मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी/ सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज आदिवासी/सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी समुदाय अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। वर्तमान में जब समान नागरिक संहिता की मांग कतिपय संगठनों द्वारा उठाई जा रही है, तो आदिवासी / सरना समुदाय की इस मांग पर सकारात्मक पहल उनके संरक्षण के लिए नितांत ही आवश्यक है।

**चिंता** *कश्मीर में कई सालों से जान ले रहे अखरोट के पेड़*

# पिछले तीन सालों में पेड़ से गिरकर 16 लोगों की गई जान

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। यह जानकर आप हैरान होंगें की कश्मीर में पेड़ भी कश्मीरियों की जानें ले रहे हैं। यह सच है कि अखरोट के पेड़ अक्सर जानलेवा बन जाते हैं और उन पर चढ़ने वाले कश्मीरी जमीन पर गिर कर जान गंवा दे रहे हैं। आज भी अनंतनाग में एक कश्मीरी।**

साहिल बट की इसी तरह जान चली गई है। वैसे यह कोई पहला हादसा नहीं था कश्मीर में बल्कि पिछले तीन सालों में अखरोट के पेड़ों से गिरकर जान गंवाने वालों की संख्या 16 को पार कर चुकी है। सबसे अधिक मौतें वर्ष 2021 में हुई थी।

जब 6 ने जान गंवा दी। अखरेट के पेड़ से गिर कर कश्मीरी सिर्फ जान ही नहीं गंवा रहे हैं बल्कि कईयों के सिर भी फूट चुके हैं, कइयों की हड्डियां भी टूट चुकी हैं और कई बिस्तर पर जिन्दगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं।



- कश्मीर में जितना भी ड्राई फ्रूट पैदा होता है उसमें 98 प्रतिशत स्थान अखरोट का है

दरअसल कश्मीर में प्रतिवर्ष 2.66 लाख मीट्रिक टन अखरोट 90 हजार हेक्टर भूमि पर उगाया जाता है। कश्मीर में जितना भी ड्राई फ्रूट पैदा होता है उसमें 98 प्रतिशत स्थान अखरोट का है और इस समय अखरोट के पेड़ों से फलों को एकत्र करने का सीजन चल रहा है। क

रीब सवा सौ करोड़ के अखरोट के बाजार में अखरोट को एकत्र करना कोई आसान कार्य नहीं है। तीस से 40 फुट की ऊंचाई वाले पेड़ों पर बिना किसी रस्सी और सुरक्षा उपकरणों के चढ़ कर फलों को एकत्र करने का जोखिम ही अब कश्मीरियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। हालांकि कश्मीर में नए बने हुए इस व्यावसायिक खतरे से निपटने को बागवानी विभाग कई बार कार्यशलाओं का भी आयोजन कर चुका है तथा कश्मीरियों को सुरक्षा प्रबंध करने की ताकिद भी कर चुका है पर किसी ने भी विभाग की चेतावनियों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन पेड़ों से गिर कर होने वाली मौतों और चोटों का आंकड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकारिक रूप से जम्मू-कश्मीर में अखरोट का पेड़ काटने पर बैन लगा हुआ है।

जानकारों की मानें तो अखरोट के पेड़ की लकड़ी फर्नीचर के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। कश्मीर में घरों में भी अखरोट के पेड़ की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि बैन लगा होने के बाद भी कई बार अखरोट के पेड़ काटे जाने की खबरें आती रहती हैं क्योंकि डिमांड के चलते लकड़ी का दाम अच्छा मिल जाता है। इस बात का सुबूत यह है कि थोड़ी सी मेहनत और जान-पहचान के बाद आज भी अखरोट के पेड़ की लकड़ी से बना फर्नीचर मिल ही जाता है।

अखरोट देने वाले एक पेड़ की उम्र 150 से 200 साल तक होती है।कई पुराने पेड़ आज भी कश्मीर में लगे हुए हैं। पुराने पेड़ों की खूब देखभाल होती है।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 28 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ-साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा।

छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध्यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विधानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं।

खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई जाती है- शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी-शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों- प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता-पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत- देखना दिलचस्प होगा।

# सरकार की अंतरात्मा कहां है?

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

**अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है।**

कुछ दिनों पहले की घटना है। उत्तरप्रदेश में एक स्कूल में शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को कथित तौर पर उसके ही सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए थे। बच्चे एक-एक करके आ रहे थे और उस रोते हुए बच्चे को थप्पड़ मार कर जा रहे थे। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक धक्का और तर्ज की पर उस शिक्षिका को वीडियो में ये कहते हुए सुना गया कि थोड़ा और जोर से मारो। इस मामले ने बड़ा विवाद खड़ा किया। शिक्षिका ने अपनी सफाई दी, वहीं ये भी पता चला कि बच्चे के पिता ने अपने बच्चे को उस स्कूल से निकाल लेने का फैसला किया, कुछ किसान नेताओं ने पिटने वाले और पीटने वाले बच्चों को आपस में गले मिलवाकर मामले को खत्म करवाने की कोशिश भी की। इस बीच वो मासूम किस मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होगा, इसकी परवाह व्यापक समाज करे, इतनी फुर्सत शायद नहीं है। क्योंकि समाज तो सरकार के रचे नित नए मायाजाल में ही फंसता जा रहा है। नए संसद भवन में प्रवेश, सत्ता का राजदंड सोने का भारी-भरकम सेंगोल, आसमान छूती मूर्तियों का अनावरण, आडंबर से भरे पूजा-पाठ, ट्रेनों, बसों को हरी झंडी दिखाना, चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए-नए विधेयक पारित करवाना, जी-20 की तड़क-भड़क, ऐसे कई किस्म के जगर-मगर करते इवेंट भाजपा सरकार में किए जा रहे हैं और इनकी चकाचौंध के बीच समाज में कालिमा बढ़ाने वाली घटनाएं हो रही हैं। उप्र में स्कूल में बच्चे को उसके ही सहपाठियों से पिटवाना ऐसी ही एक घटना थी। इस मामले को रफा-दफा करने की तमाम कोशिशों के बीच इसे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया गया, जहां न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के दौरान जांच के तरीकों और दर्ज एफआईआर में पिता के लगाए आरोप हटाने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई है। पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह की यह घटना हुई है उससे राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देना चाहिए।

अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है। राजा की जान तोते में बसी होने की कहानी समाज ने सुनी है, वैसे ही सरकार के प्राण आखिर किस रिमोट कंट्रोल में है और वो रिमोट कंट्रोल किसके पिंजरे में है, ये भी तो जनता को पता होना चाहिए। सरकार के पास अंतरात्मा होती तो अब तक न जाने कितनी बार हिल चुकी होती। अभी तो जैसा हाल देश का है, उसमें यही समझ आ रहा है कि अंतरात्मा को या तो पूरी तरह कुचल दिया गया है, या उसे किसी तहखाने में दबा दिया गया है। भाजपा सरकार अगर अंतरात्मा की आवाज सुनने लगे तो उन आवाजों का शोर इतना अधिक होगा कि सरकार का चैन उड़ जाएगा। अंतरात्मा की आवाज सुनने का मतलब सच और इंसाफ की राह पर निकल पड़ना है, जाहिर है सरकार इस वक्त इसके लिए तैयार नहीं है।

जिस उत्तरप्रदेश के मामले में अदालत ने यह सख्त टिप्पणी की, उसी राज्य में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लव जिहाद, धर्मांतरण और इसके साथ लैंड जिहाद का मुद्दा छेड़ दिया है। लव जिहाद और धर्मांतरण की बात तो देश बहुत समय से सुनता आया है, अब इसमें लैंड जिहाद भी जोड़ा गया है, इसमें मुस्लिमों पर आरोप लगाया जाता है कि मजार, मस्जिदें बनाने के नाम पर मुस्लिम जमीनों पर कब्जे करते जा रहे हैं। देश में किसी भी पीपल, नीम, इमली, बरगद या आंवले के पेड़ के नीचे या बीच चौराहे पर किसी पत्थर पर केसरिया रंग पोतकर उसे सिद्धि वाले मंदिर कितने बनाए गए हैं, इसकी कोई गिनती नहीं है। नवरात्रि और गणेश चतुर्थी जैसे मौकों पर सड़कें घेर कर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, लोगों की आवाजाही, कामकाज, पढ़ाई, कारोबार सब बाधित होते हैं, तब कोई तकलीफ नहीं होती, तब किसी को लैंड या सैंड या ट्री जिहाद दिखाई नहीं दिया। मगर अब मुस्लिमों को निशाने पर लेने के लिए ये नए किस्म का जिहाद गढ़ दिया गया है। संघ प्रमुख ने अपने लोगों से कहा कि इसको रोकने के लिए तेजी से और आक्रामक ढंग से अभियान चलाने की ज़रूरत है।

भाजपा ने अपने शासन की मजबूती दिखाने के लिए कानून व्यवस्था से अधिक बुलडोजर के इस्तेमाल पर भरोसा किया, इससे पहले डबल इंजन सरकार का मुहावरा चलाया गया और अब संघ प्रमुख आक्रामक अभियानों की बात कह रहे हैं। क्या भाजपा इस बात का जवाब दे पाएगी कि यहां किस किस्म की आक्रामकता की वकालत की जा रही है। अखलाक और नासिर-जुनैद जैसे लोगों को मारने जैसी आक्रामकता, मुस्लिम बच्चे को पिटवाने और नूंह में दंगे करवाने जैसी आक्रामकता, ट्रेन में कपड़ों से पहचान कर मारने जैसी या फिर संसद में गालियां देकर शाब्दिक हिंसा करने जैसी आक्रामकता। संघ की निगाह में ये सारे प्रकरण पिछले साढ़े 9 सालों के मोदी राज की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शुमार हो सकते हैं। इन्हीं से हिंदुओं को ये समझ आया है कि अब उनका हिंदुत्व सुरक्षित है। क्योंकि जिस हिंदुत्व की पैरवी संघ करता आया है, और जो भाजपा की सत्ता का मूल मंत्र है, उसमें ऐसी ही आक्रामकता ऑक्सीजन का काम करती रही है। जब तक ऐसी आक्रामकता नहीं थी और देश में सब कुछ संविधान के हिसाब से चल रहा था। मंदिर-मस्जिद के झगड़ों के बीच भी समाज में जिहाद जैसे शब्दों के लिए ज्यादा जगह नहीं बनी थी। लोग ईद, दीवाली जैसे त्योहार बिना आक्रामक हुए मनाते थे। त्योहारों में खुशियां आती थीं, तनाव नहीं होते थे। धार्मिक काम सद्भाव की छांव में हो जाते थे, पुलिस के पहरों में नहीं। और खास बात ये है कि तब समाज में हिंदुओं के एक बड़े तबके के सामने यह सवाल खड़ा ही नहीं हुआ था कि उसका धर्म सुरक्षित है या नहीं। लेकिन भाजपा ने धर्म की असुरक्षा का एक भाव बड़ी चालाकी से लोगों के मन में भर दिया। इससे धर्म सुरक्षित हुआ या अधर्म बढ़ा, इसका विश्लेषण लोग अपने विवेक से कर लें, लेकिन इतना तय है कि धर्म को असुरक्षित बताकर भाजपा ने अपनी सत्ता की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली। और भाजपा की सत्ता को संरक्षित करने का काम कुछेक उद्योगपतियों ने कर लिया। राहुल गांधी इन्हीं के हाथों में सत्ता का रिमोट कंट्रोल होने की बात कहते हैं। इसलिए माननीय अदालत की टिप्पणी का पूरा सम्मान करते हुए यह तथ्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि भाजपा में आत्मा, परमात्मा, अंतरात्मा जैसी कोई अवधारणाएं काम नहीं कर रही हैं। अगर ज़मीर जिंदा होता तो फिर नकली आंसू निकालने के लिए नकली बहाने गढ़ने की जरूरत नहीं पड़ती। तब मणिपुर में महीनों से चल रही हिंसा को सरकार देख कर भी चुप नहीं बैठती। मित्रो के हवाईजहाज में इतना ईंधन तो आ ही जाता, जो सरकार बहादुर को मणिपुर तक ले जाता। या कि संसद में गालियां देने वाले रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लोकतंत्र की मानहानि का मुकदमा दर्ज करा दिया जाता और उतनी ही तेजी से उन्हें संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता, जिस तेजी से राहुल गांधी को संसद से निकाला गया था। ज़मीर जिंदा होता तो सरकार के कामों के बूते भाजपा चुनावी मैदान में उतरती, और विपक्ष का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ती।

लेकिन अभी श्री मोदी इंडिया गठबंधन को घमंडिया के अलावा और कौन से नए नाम देकर उसे कमतर साबित करें, कैसे गांधी-नेहरू परिवार की आलोचना करें, कैसे खुद ग्यारहवें अवतार के तौर पर साबित करें, इन्हीं प्रयासों में जुटे नजर आ रहे हैं। इन कोशिशों के बीच अंतरात्मा के सवाल पर सोचने का अवकाश उनके या भाजपा के नेताओं के पास कहां हैं। अंतरात्मा को जिंदा रखा जाता तो देश के हाल देखकर उसमें हलचल होती, अन्याय और उत्पीड़न देकर वह हिल जाती, लेकिन अभी अंतरात्मा और आक्रामकता के बीच भाजपा दूसरे पक्ष को चुनती दिखाई दे रही है।

# भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी

एक आश्चर्यजनक और नाटकीय कदम में, भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों को राज्य में स्थानांतरित कर दिया, और उन्हें आगामी चुनावों में मध्यप्रदेश में विधानसभा के लिए लड़ने के लिए कहा। पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस कदम के दोहरे उद्देश्य हैं। पार्टी को लगता है कि इस बार उसकी स्थिति डांवाडोल है और इसलिए वह ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहती है जिनकी जीत सौ फीसदी तय मानी जाये। दूसरे, अगर मुख्यमंत्री बदलना हो तो इस पद के लिए अनुभवी नेता उपलब्ध हों। गौरतलब है कि यह नाटकीय बदलाव तब किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद भोपाल से रवाना हुए।

सांसदों के अलावा, एक और आश्चर्यजनक समावेशन कैलाश विजयवर्गीय का है। वह पार्टी के महासचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। इससे पहले वह राज्य विधानमंडल के सदस्य थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दिया गया था। भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात सांसद शामिल हैं। पहली और दूसरी दोनों सूचियों में 39-39 उम्मीदवार, कुल 78 उम्मीदवार शामिल हैं।



एल एस हरदेनिया

**यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।' चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला।**

सूची में तीन केंद्रीय मंत्री – नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि), जो भाजपा राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं, प्रह्लाद सिंह पटेल (खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री) और फग्गन सिंह कुलस्ते (इस्पात और ग्रामीण विकास में राज्यमंत्री) हैं। चार लोकसभा सांसद – पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है। यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है। 2000 के बाद से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही भाजपा सरकार और संगठन का एकमात्र चेहरा रहे हैं।

तोमर को मुरैना की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। वह दो बार राज्य भाजपा प्रमुख रहे और तीन बार ग्वालियर और मुरैना लोकसभा सीटों से सांसद रहे। तोमर 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार के दिग्गजों में से एक हैं, जिनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज, खान, इस्पात, आवास और शहरी मामले, कृषि और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विभाग हैं। वह 2003 से 2008 तक राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे।

प्रह्लाद सिंह पटेल, जो दमोह से सांसद हैं, नरसिंगपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके भाई और दो बार के विधायक जालिम सिंह पटेल कर रहे हैं। प्रह्लाद बालाघाट और दमोह से पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में उन्हें छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के खिलाफ मैदान में उतारा गया था, जिसमें वह 63,708 वोटों से हार गये। मंडला से छह बार सांसद रहे कुलस्ते को निवास आदिवासी आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। उन्हें मध्यप्रदेश में बीजेपी का सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरा माना जाता है।

भाजपा की दूसरी सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- यह तथ्य कि उन्होंने लोकसभा से अपने दिग्गजों को चुना है, यह दर्शाता है कि उन्होंने पहले ही हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने आज उम्मीद का आखिरी झूठा दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची भाजपा सरकार के 18.5 साल और शिवराज शासन के 15 साल से अधिक के विकास के दावों को खारिज करती है।'

यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।'

चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला। पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की और कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीतती है तो वह मध्यप्रदेश को फिर से 'बीमारू' राज्य की श्रेणी (बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश) में ले जायेगी। कांग्रेस ने नारों से लेकर नीतियों तक, शहरी नक्सलियों तक सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है, उन्होंने कहा।

छह महीने में मध्यप्रदेश के अपने सातवें दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस ने भारत के 'लोकतंत्र' को वंशवाद शासन में बदल दिया है। उन्होंने मतदाताओं से विकास को चुनने का आग्रह किया और कहा, 'जहां भी कांग्रेस गई है, उसने उस राज्य को नष्ट कर दिया है'।

भाजपा के पितामह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा रैली ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के समापन का प्रतीक बनाया, जिसने राज्य के 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 210 से होते हुए गुजरा।

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को 'घमंडिया गठबंधन' कहते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिला आरक्षण विधेयक का 'झिझक' के साथ समर्थन किया क्योंकि उनके पास कोई रास्ता नहीं था। 'उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे नारी शक्ति की शक्ति को समझती थीं। पिछले नौ वर्षों में महिलाएं सशक्त हुई हैं और इन दलों में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने की हिम्मत नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मोदी का मतलब है गारंटी को पूरा करने की गारंटी' इसलिए बिल पास हुआ।'

उन्होंने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस विधेयक को पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अगर 'मौका दिया गया' तो विपक्षी गठबंधन आसानी से इससे पीछे हट सकता है।

## पावन प्रसंग

# तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने की आवश्यकता

व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहे तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अत: स्वस्थ रहें और यह समझ लें कि स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है।

मनुष्य यदि स्वस्थ नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में प्रचार प्रसार कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का निश्चय लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वत: दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाले खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। हिंदुस्तान में हृदय रोग, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अत: जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# बदल रहा है पीर पंजाल में पर्यटन का दौर

जब भी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन की बात आती है तो लोगों के दिल और दिमाग में एकमात्र नाम कश्मीर की वादियों का आता है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि कश्मीर को कुदरत ने अपने हाथों से संवारा है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि जम्मू के पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों से लगे पीर पंजाल के खूबसूरत पहाड़ और इन पहाड़ों से गुजरने वाले ऐतिहासिक मुगल राजमार्ग भी किसी सुंदरता से कम नहीं है. स्थानीय स्तर पर इसे मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। लेकिन इसके बावजूद इसे कभी भी वह दर्जा हासिल नहीं हुआ जो कश्मीर की वादियों को मिलता रहा है।

लेकिन 'सबका साथ, सबका विकास' के नारों ने अब समूचे परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पर्यटन मानचित्र से गायब पीर पंजाल का क्षेत्र वर्तमान में पर्यटन विकास की राह पर चल पड़ा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए जी 20 पर्यटन समूह की सफल बैठक के बाद पूरी दुनिया की निगाहें इस जन्नत-ए-बेनजीर की ओर बढ़ने लगी हैं, वहीं पीर पंजाल और चिनाब क्षेत्र में भी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। जिसका ताजा उदाहरण हाल के दिनों का है, जब पुंछ के जिला विकास आयुक्त ने पीर पंजाल क्षेत्र में ट्रैकिंग के नए क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों की खोज के लिए इंडिया हाइक्स (ट्रैकर्स) की एक टीम भेजी है। वहीं इससे पहले स्थानीय युवाओं के एक ट्रैकिंग ग्रुप ने न केवल पीर पंजाल की ऊंची चोटियों का भ्रमण किया, बल्कि कुछ नए पर्यटक स्थलों की भी खोज की, जिससे पर्यटन की असीम संभावनाएं बढ़ गई हैं. इसके अलावा जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू-कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है जो स्वयं इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में विशेष रुचि ले रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुंछ के जिला विकास आयुक्त यासीन मुहम्मद चौधरी और पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. मुहम्मद तनवीर भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं। जिनकी देखरेख में न केवल पूरे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि पुंछ जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील मंडी के पांच गांवों को पर्यटन गांव भी घोषित किया गया है। इसके अलावा पुंछ जिले की प्रसिद्ध नदी सुरन नदी में पहली बार राफ्टिंग की पहल, जाभी में लोक उत्सव का आयोजन, विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग, पुंछ और मंडी में कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट की स्थापना, सीमा पर बसे गांव अजोट में सेना द्वारा 70 फीट ऊंचा तिरंगा का फहराना और विशेष पर्यटन हॉट स्पॉट बनाने की योजना तैयार करना जैसे सराहनीय पहल शामिल हैं।

आने वाले दिनों में हम पीर पंजाल के पर्यटन क्षेत्र में और अधिक विकास की बहार देखेंगे। बहरहाल, इससे उम्मीद की जा सकती है कि निश्चित रूप से आने वाले कुछ वर्षों में पीर पंजाल के क्षेत्र में न केवल विकास होगा बल्कि रोजगार के नए अध्याय भी खुलेंगे जो यहां के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका का साधन भी बनेंगे। जरूरत इस बात की है कि पीर पंजाल में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में जरा भी लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है।

**सैयद अनीस उल हक, पुंछ, जम्मू**

उल्टा पुल्टा

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के 109 वार्षिक आम सभा में 4115 करोड़ का बजट पारित

**बिलासपुर** , 27 सिंतबर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. बिलासपुर के प्रधान नेहरु चैक मे 109 वार्षिक आम सभा आयोजित हुई जिसमे बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.पी. सिंह, संयुक्त पंजीयक यू.बी.एस. राठिया, उपपंजीयक श्रीमती मंजु पान्डेय, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विप्र प्रेस के अध्यक्ष तरु तिवारी समिति के प्राधिकारी शिवबालक कौशिक, सुबोध शुक्ला, विनोद शुक्ला, सुनील शुक्ला, नोडल अधिकारी आशीष दुबे की उपस्थिति मे बिलासपुर बैंक के अंतर्गत 430 समितियों के प्रतिनिधियों सहित अन्य सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया प्रति वर्ष बैंक मे वार्षिक आम सभा आयोजित कर वाषिक वित्तिय लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाता है, और आगामी वर्ष के लिए बजट स्वीकृत कराया जाता है।

वित्तिय वर्ष 2023-2024 के लिए रु. चार हजार एक सौ पंद्रह करोड का प्रस्तावित बजट पारित किया गया। बैंक मे वर्ष 2022-2023 मे सात करोड सत्ताईस लाभ अर्जित हुआ था, जिसमे से विभिन्न मदो मे लाभ का बटवारा करने के साथ ही वर्षो बाद चैवन लाख रु. का लाभांश समितियों को दिया जाने का निर्णय का अनुमोदन किया गया। पहली बार हुआ है कि बैंक द्वारा समितियों को लाभांश वितरण किया जावेगा।

आम सभा के अध्यक्षीय संबोधन मे बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक द्वारा बैंक के 109वीं वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर मैं आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति से अभिभूत हूं और आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करता हु आज मेरे लिये अति हर्ष का विषय है, कि बैंक की 109वीं वार्षिक साधारण सभा का शुभारंभ कर रहा हूं। हमारा बैंक कार्यक्षेत्र अंतर्गत जिला बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, गौरेला-पेन्ड्रा - मरवाही एवं सक्ति के खाताधारको ध् कृषको को विगत 109 वर्षों से निस्वार्थ समर्पित बैकिंग सेवाएं दे रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप हमारा बैंक नित नवीन उंचाईयों को छू रहा है।

मैं आपको भविष्य में भी ऐसी समर्पित सेवाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन देता हूं। वर्ष 1915 से वर्ष 2023 तक बैंक में लगातार शाखाओं का विस्तार हो रहा है जिसके अंतर्गत वर्तमान में 58 शाखाओं के माध्यम से अपनी सेवायें दे रहे हैं, दो नवीन शाखा डिंडौरी एवं सेंदरी को प्रारंभ करने की प्राक्रिया चल रही थी वर्ष 2022-23 में उनको प्रारंभ कर दिया गया है।




वर्ष 2022 2023 में समितियों की संख्या 430 है, उसी तरह धान उपार्जन केन्द्र की संख्या 539 से बढ़कर 563 हो गई है, 24 नवीन धान उपार्जन केन्द्र की वृद्धि की गई है। बैंक की अंशपूंजी में राशि 5.50 करोड़ रुपये की वृद्धि होकर कुल अंश पूंजी राशि 108.45 करोड़ रुपये हो गई है। बैंक क्षेत्र अंतर्गत 16 एटीएम मशीन स्थापित है एवं आगामी वर्ष 2023-24 के समाप्ति तक नवीन 32 एटीएम मशीन स्थापित करने की योजना है, तथा प्रत्येक ब्लाक मुख्यालय में शाखा कार्यालय प्रारंभ करने की योजना तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में हम बैंक की 58 शाखाओं एवं 430 समितियों के माध्यम से आप सभी प्रतिनिधियों के सहयोग से अपनी सेवायें लोगों को विशेष कर क्षेत्र के किसानों को उपलब्ध करा रहे है। छ.ग. राज्य शासन की धान उपार्जन नीति अंतर्गत हमारे द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य जिला बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा गौरेला-पेन्ड्रा - मरवाही एवं सक्ति में निरंतर की जा रही है। शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वित्तीय वर्ष 2022 2023 में 216563 कृषको को राशि 741.39 करोड़ रुपये का अल्पकालीन फसल ऋण उपलब्ध कराया गया है। के.सी.सी. ऋण वितरण अंतर्गत डेयरी पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी के विकास हेतु कृषको को अल्पकालीन के.सी.सी. लिमिट मुहैया कराया जा रहा हैं। बैंक में सी.बी.एस. सिस्टम लागू होने के उपरांत लेखा पद्धति में पारदर्शिता आई है। बैंक शाखा क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कृषकों को रुपये के.सी.सी. कार्ड का वितरण किया गया है।

वर्ष 2022 2023 मे दो नवीन शाखाएं डिंडौरी एवं सेंदरी मे प्रारंभ की जा चुकी है। उर्वरक डीबीटी योजना अंतर्गत कृषको को पॉस मशीन के द्वारा उर्वरक वितरण का कार्य संचालित किया जा रहा है। श्री नायक ने यह भी बताया कि प्रदेश के मुखिय श्री भुपेश बघेल जी के आदेशानुसार इस वर्ष प्रति एकड 15 क्वि. धान खरीदी मे वृद्धि करते हुए 20 क्वि. प्रति क्वि. धान की खरीदी की जावेगी, जिसमे उपस्थित शेयर धारको द्वारा कर्तल घ्वनि से अपना हर्ष व्यक्त किया।

बैंक के ग्राहको की सुविधा के लिए 12 एटीएम मशीन संचालित है, एवं आगामी वर्ष में 32 नवीन एटीएम मशीन स्थापित करने की कार्य योजना तैयार है। अंत में मैं बैंक की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी, प्रदेश के कृषि, सहकारिता विभाग एवं वित्त मंत्रालय, विशेषकर, प्रमुख सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, छ.ग. शासन, सचिव सहकारिता छ.ग. शासन तथा नाबार्ड भारतीय रिजर्व बैंक का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिनके प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन से हमारी संस्था प्रगतिशील पथ पर लगातार अग्रसर है। समापन में मैं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर के सम्मानीय प्रतिनिधियों, समिति के पदाधिकारियो, बैंक के अधिकारियो एवं समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं जिनकी समर्पित सेवाओं, प्रयासों एवं सहयोग से बैंक गौरवशाली मुकाम हासिल किया है।

कार्यक्रम मे बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.पी. सिंह, संयुक्त पंजीयक यू.बी.एस. राठिया, उपपंजीयक श्रीमती मंजु पान्डेय, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विप्र प्रेस के अध्यक्ष तरु तिवारी समिति के प्राधिकारी शिवबालक कौशिक, सुबोध शुक्ला, विनोद शुक्ला, सुनील शुक्ला, नोडल अधिकारी आशीष दुबे, शाखा प्रबंधक शशांक दुबे, सूर्यकांत जायसवाल,दीपक तिवारी, ऋषि सिंह, श्री रवि जायसवाल, सुशील चंन्द्राकर, प्रकाश शर्मा, किशोर चंन्द्राकर, रवि ठाकुर, श्रीमती राज किशोरी एक्का, सुशील पनोरे, श्रीमती भावना ठाकुर, श्रीमती सोनल साहु अधिकारी कर्मचारी एवं समितियों प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# एयरपोर्ट पर झगड़े रोके जायें

*छत्तीसगढ़ का प्रमुख हवाईअड्डा का रायपुर है जो प्रदेश के अन्य भागों से आने-जाने के लिये प्रमुख शहर भी है इसलिये यह काफी व्यस्त रहता है। यहां से अनेक स्थानों को उड़ानें आती-जाती हैं। जब से रायपुर छग की राजधानी बना है, इसकी व्यस्तता और भी बढ़ गई है। इसकी सेवाओं में लगातार विस्तार और सुधार दोनों ही हो रहे हैं। हवाईअड्डे के भीतर की तो सारी व्यवस्था एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हाथ में होने से वहां सब कुछ ठीक-ठाक होता है लेकिन उसके बाहर यात्रियों को कई तरह की तकलीफों से गुजरना पड़ता है। कई बार इसके कारण अप्रिय स्थिति उपस्थित हो जाती है। मामला गर्मा-गर्म बहस, वाद-विवाद, गाली-गलौज़ से बढ़कर हाथापाई और मारपीट तक भी पहुंच जाता है। ज्यादातर विवाद पार्किंग और वहां के टैक्सी चालकों व सवारियों के बीच होते हैं। बाहर से आने वाले वाले व्यवसायिक वाहनों को वहां के टैक्सी परिचालक सवारियां लेने नहीं देते।*

*मंगलवार को रायपुर एयरपोर्ट पर ऐसे ही एक सवारी को टैक्सी में बैठाने के मामले को लेकर टैक्सी परिचालकों के बीच विवाद हो गया। दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। अधिक अशोभनीय तो यह है कि इसमें एक महिला कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की गई और उसे घसीटा भी गया जिसका वीडियो वायरल हो गया। वहां के राहुल ट्रेवल्स और डब्ल्यूटीआई के कर्मचारियों के बीच यह मारपीट होना बतलाया जाता है और इसका कारण यह कहा जाता है कि वहां ओला, उबेर आदि के काऊंटर लगाये जा रहे थे जिसे हटाने को लेकर उग्र विवाद हुआ। ऐसे विवादों का स्थायी हल निकलना चाहिये।*

*ऐसे ही, पार्किंग को लेकर अक्सर विवाद होते हैं। कोई भी वाहन निर्धारित समय के भीतर निकला या नहीं, इसे लेकर बहस हो जाती है। पार्किंग संचालक कहते हैं कि निर्धारित मुफ्त समयावधि के बाद भी वाहन ठहरा है इसलिये शुल्क देना पड़ेगा, जबकि वाहन चालकों के अनुसार वे समय पर निकले थे लेकिन निकास पर भीड़ होने के कारण उन्हें अधिक समय तक ठहरना पड़ा है। इस बात के लिये दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े रहते हैं। वहां ट्रैफिक पुलिस के अलावा और कोई होता नहीं जो इन विवादों को निर्णायक तरीके से सुलझा सके और स्थायी समाधान दे सके।*

*इससे अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों के सामने राज्य की छवि बिगड़ती है। हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में लोग छग आते हैं। कई पर्यटन के उद्देश्य से आते हैं तथा उनमें अनेक विदेशी भी होते हैं। हवाईअड्डे पर होने वाले विवादों में वे कई बार स्वयं भी फंसते हैं या होते हुए देखते हैं। यह राज्य की छवि के प्रतिकूल है क्योंकि छग के बारे आम राय यही है, जो सही भी है कि यह शांति और सौहार्द्र की भूमि है।*

## सार-संक्षेप

### मसानगंज में आम लंगर का आयोजन



**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयुक्त सचिव डॉक्टर उज्वला कराडे आज बिलासपुर के मसानगंज में उसकी रहमत कमेटी के द्वारा आयोजित आम लंगर में शामिल हुई । जहां उनका कमेटी के सदस्यों के द्वारा पुष्प कुछ प्रदान कर एवं फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। बिलासपुर के मसानगंज में उसकी रहमत कमटी की जानिब से ईद-ए-मिलादुन्नाबी के पाक मौक़े पर आम लंगर का एहतेमाम किया, इस लंगर में बिलासपुर की आप नेत्री डॉक्टर उज्वला कराडे ने शिरकत कर सभी ख्वातिनों को लंगर तकसीम कर दुआएँ ली। इस दौरान डॉक्टर उज्वल करदे ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा कायम होता है एवं ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। डॉ उज्वला कराडे ने उसकी रहमत कमेटी के तमाम पदाधिकारी कहते हैं दिल से शुक्रिया अदा भी किया। इस दौरान डॉ उज्वला कराडे के साथ देवेंद्र कुर्रे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ , आजम मिर्जा सलीम ख़ाना, अतिक ख़ान, यूसुफ़ अनवर एवं कमिटी के मेम्बरान उपस्थित रहे।

### चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज ने मनाया तीज उत्सव



**बिलासपुर**,27 सिंतबर (देशबन्धु)। श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल द्वारा हरितालिक तीज उत्सव का कार्यक्रम सामाजिक भवन कर्बला में रखा गया । हरितालिका तीज व्रत भाद्रपद शुक्ल की तृतीया को मनाया जाता है। जिस कारण इसे तीज कहा जाता है इस व्रत को हरितालिका इसलिए कहा जाता है क्योंकि पार्वती की सखी उसे पिता के घर से हरण कर जंगल में ले गई थी । इस व्रत में महिलाएं अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत रखती है और सोलह सिंगार करके शिव पार्वती की पूजा करती है । इस कार्यक्रम में नारियल को सजाकर गणपति बनाने की प्रतियोगिता रखी गई थी । जिसमें प्रथम पुरस्कार श्रीमती नीलिमा गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती ज्योति गुप्ता, तृतीय पुरस्कार श्रीमती भारती गुप्ता को दिया गया। श्रीमती अंजू गुप्ता, रागिनी गुप्ता और निक्की गुप्ता के भी प्रयास प्रशंसनीय थे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती रेखा गुप्ता व सुनीता शाह थे, तीज उत्सव में प्रथम भारती गुप्ता, द्वितीय बबली गुप्ता, तृतीय पुरस्कार स्नेहा गुप्ता व रजनी गुप्ता को दिया गया पंक्चुअल का पुरस्कार मधु (प्रभात) गुप्ता को, ओके का नेहा गुप्ता दिया गया। होस्ट के द्वारा कराए गए गेम में प्रथम सावित्री गुप्ता, द्वितीय पूर्णिमा गुप्ता, तृतिय प्रभा गुप्ता, चतुर्थ शशि गुप्ता और पांचवी सीमा गुप्ता है, इस कार्यक्रम के होस्ट है ज्योति साव, कुसुम साव, मधु (प्रभात) गुप्ता, मंजू (हरीश) गुप्ता, रजनी गुप्ता, शिल्पा गुप्ता है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रभा गुप्ता, सचिव शुभ्रा गुप्ता, कोषाध्यक्ष बबली गुप्ता के द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद किया गया है।

# पेड़ लगाना हर नागरिक का कर्तव्य-महापौर

### वृक्षारोपण कार्यक्रम में फलदार वृक्षों को किया रोपित

**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपण करना जरूरी है। पौध रोपण कर देना ही काफी नहीं है बल्कि उनकी पूर्ण सुरक्षा की भी जिम्मेदारी हमें उठाना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें महापौर ने वार्ड क्रमांक 67 विद्या सागर नगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही।

बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में पर्यावरण को बचाए रखने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जोन क्रमांक-8 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 67 विद्या सागर नगर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर रामशरण यादव ने पौध रोपण किया। महापौर ने कहा कि बिलासपुर नगर निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष निगम क्षेत्र में पौधरोपण कराया जाता है। निगम अपने मूलभूत दायित्वों के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता है उनके द्वारा हमें प्राणवायु आक्सीजन मिलती है। पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जितने ज्यादा वृक्ष एवं जंगल होंगे उतना ही हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनीष गढ़ेवाल, जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार पटेल सहित राजकुमारी यादव, विशाल सोनवानी, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 67 विद्या सागर नगर के आईटीआई गेट कोनी, रोजगार कार्यालय के सामने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामशरण यादव ने पौधरोपण किया। इसके अलावा जोन क्रमांक-8 के अधिकारी, कर्मचारी सहित वार्डवासियों ने वृक्षारोपण में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान अतिथियों ने शीशम, नीम, पीपल, आम सहित अन्य फलदार पौधे रोपित किए।



# यात्रिओं की सुविधा के लिए 55 स्टेशनों में लगा 88 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन

### यात्रियों को नहीं लगना होगा कतार में, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से निकाल सकेंगे जनरल (अनारक्षित) टिकट

**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सफर के दौरान अपने यात्रियों की हर छोटी जरूरत और परेशानी का बड़ी बारीकी से ध्यान रखती है । इसी तारतम्य में रेलवे स्टेशनों पर नई ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाया गया है । इससे रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी फायदा हो रहा है । इन मशीनों से उन्हें जल्दी टिकट मिल सकेगा, जिससे अब स्टेशनों पर लगने वाली टिकट की लाइन का झंझट भी खत्म हो गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 55 प्रमुख स्टेशनों पर 88 एटीवीएम स्थापित किया गया है। इसमे बिलासपुर मण्डल के 19 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, रायपुर मण्डल के 13 स्टेशनों पर 19 एटीवीएम,नागपुर मण्डल के 23 स्टेशनों पर 30 एटीवीएम मशीनों की व्यवस्था की गई है। इन स्टेशनों में बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, शहडोल, कोरबा, अनूपपुर, अकलतरा,नैला, पेंड्रा रोड, खरसिया, उमरिया, कोतमा, शक्ति, बुढ़ार, बाराद्वार, अंबिकापुर, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़ ,उसलापुर, करगी रोड, गोंदिया, इतवारी, राजनांदगांव, छिंदवाड़ा, बालाघाट, भंडारा रोड, डोंगरगढ़, कामठी, तुमसर रोड, वडसा, आमगांव, तिरोड़ा, चंदा फोर्ट, अर्जुनी, ब्रह्मपुरी, वारासिवनी, बिरसोला, मूल मरोड़ा, सौंदड़, नागभीड़, कटंगी, नैनपुर, घंसौर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस,भाटापारा,तिल्दा, निपनिया, हथबंद, बिल्हा, दल्ली राजहरा, भिलाई नगर, बालोद, मरोड़ा सम्मिलित हैं ।

### एटीवीएम मशीन से टिकट निकालने का तरीका




एटीवीएम से टिकट खरीदने के लिए सबसे पहले जिस स्टेशन की टिकट खरीदनी है, उस स्टेशन को मैप या उसका नाम लिखकर भी चुना जा सकता है । स्टेशन चुनने के बाद ट्रेन के जिस क्लास में सफर करना है, उस क्लास को चुनना होगा । इसके बाद टिकट का किराया देना होगा । जिसके लिए स्क्रीन पर तीन ऑप्शन दिखाई देंगे । यूपीआई और कैश से भी टिकट की पेमेंट किया जा सकता है । अगर स्मार्ट कार्ड से टिकट लिया जाना है तो स्मार्ट कार्ड का ऑप्शन चुनकर मशीन पर कार्ड रखने वाले सेंसर पर अपना कार्ड रखना होगा । जिसके बाद मशीन आपके कार्ड से खुद किराये का पैसा काट लेगी । कार्ड से पैसा कटने के बाद मशीन से प्रिंटेड टिकट निकलकर बाहर आ जाएगी । यात्रियों को भुगतान के लिए आर-वॉलेट का उपयोग करने पर 3 फीसदी बोनस का लाभ मिलेगा । इस मशीन की खासियत यह है कि इससे रेल यात्री टिकट काउंटर पर लगी भीड़ भाड़ से बचते हुए ऑनलाइन पेमेंट कर के अनारक्षित टिकट को काटकर यात्रा कर सकेंगे। इतना ही नहीं प्रतिदिन लोकल यात्रा करने वाले यात्री अपने एमएसटी रिनुयल भी कर सकते हैं । सुविधा के शुरू होने से यात्रियों को भीड़ से छुटकारा मिल रहा है तथा उन्हें तेजी से टिकट भी मिल रहा है । नई एटीवीएम मशीन यात्रियों के अनुकूल बनाई है । इन मशीनों में इंटरफेस और सरल प्रक्रिया को शामिल किया गया है । जिससे सामान्य व्यक्ति भी इसका उपयोग आसानी से कर सके. एटीवीएम का उपयोग अनारक्षित और प्लेटफार्म टिकट दोनों को खरीदने के लिए होगा । आर-वॉलेट के उपयोग पर बोनस दैनिक यात्री एटीवीएम पर अपने महीने और तिमाही टिकटों को रिन्यूअल करा सकते है । यात्री रेलवे स्मार्ट कार्ड और क्यूआर कोड-यूपीआई आधारित भुगतान सुविधा का उपयोग करके टिकट खरीद सकते है।

# परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए भोजपुरी सुपस्टार व दिल्ली सांसद मनोज तिवारी

### कांग्रेस सरकार का सफाया होना परिवर्तन यात्रा की भीड़ से स्पष्ट है-कौशिक

**बिलासपुर** , 27 सिंतबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जशपुर से निकली परिवर्तन यात्रा के तहत विधानसभा बिल्हा के नगर पंचायत ग्राम बावली में आयोजित परिवर्तन यात्रा को भोजपुरी सुपरस्टार एवं दिल्ली सांसद मनोज तिवारी मुख्य अतिथि में शामिल होकर सभा को सम्बोधित किये। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह जो कांग्रेस की सरकार है । वह केवल भ्रष्टाचारियों की सरकार है भूपेश सरकार को बदलने के लिए एकत्रित हुए बिल्हा की जनता और जनसमूह को देखकर के भूपेश बघेल जी मुख्यमंत्री निवास में आज अपना बोरिया बिस्तर बांध करके भागने की तैयारी में लग जाएंगे। कांग्रेस ने देश में 55 से 60 सालों तक राज किया इन्होंने कभी भी गरीब किसान जनता का ध्यान नहीं रखा उनके लिए कोई कार्य नहीं किया परंतु जब से नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश में निरंतर विकास के कार्य हो रहे हैं ।



उन्होंने आगे कहा कि सड़क स्कूल पुल पुलिया बनाने का कार्य सरकार का होता है पर आज तक इस सरकार ने ऐसा कोई कार्य छत्तीसगढ़ में संपन्न नहीं किया है उन्होंने तो केवल लोगों को शराब परोसने का, भ्रष्टाचार करने का घोटाला करने का कार्य किया है प्रदेश की सड़को की हालत खराब है छत्तीसगढ़ में ना स्कूल ना अस्पताल ना सड़क ना विकास कार्य आज तक संपन्न नहीं हुए 5 सालों पर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार केवल जनता को लूटने का कार्य जरूर कर रही है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण इलाका हो चाहे शहरी इलाका हो 12 लाख से अधिक परिवारों का आवास इस सरकार ने रोक करके रखा है प्रधानमंत्री आवास के लिए केंद्र ने भूपेश बघेल की सरकार को दिए और उसको भी उन्होंने वापस कर दिया यह सरकार गरीबों के हित को मारने वाली सरकार है यह सरकार गरीबों की आवास छीनने वाली सरकार है गरीबों के विकास को रोकने वालों को सबक हमको जरूर सीखना है इसी संकल्प के साथ यह परिवर्तन यात्रा निकली हुई है । उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी की सरकार ने गांव-गांव में करोड़ की योजना नलजल योजना लाई वह भी छत्तीसगढ़ में केवल 30प्रतिशत तक ही सम्पूर्ण हो पाया है । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में चिटफंड के पैसों के वापसी का वादा किया पर आज पर्यंत दुर्ग जिले को छोड़कर के और किसी भी जिले में चिटफंड के पैसे की वापसी नहीं हुई दुर्ग जिले में भी केवल 32 करोड रुपए ही चिटफंड कंपनियों के वापस हुए हैं इस सरकार ने केवल गरीबों को किसानों को लूटने का कार्य किया केवल बोनस देने में ही कंजूसी नहीं कर रहे साथ में बारदाना उपलब्ध कराने में भी नाकाम रही है ऊपर से गिरदावरी को भी घटा दिया गया है वर्मी कंपोस्ट के नाम पर केवल धूल मिट्टी से युक्त गोबर बेचे जा रहे हैं ।

## सार-संक्षेप

### हितग्राहियों को पट्टों का वितरण, 2.81 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन

**कोरबा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिक निगम के वार्ड क्र. 14 के हितग्राहियों को पट्टा वितरण के साथ ही इसका शुभारंभ किया गया। वार्ड अंतर्गत ही 11 विकास कार्यो का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राठौर, पार्षद रविसिंह चंदेल, एल्डरमेन रामगोपाल यादव, कोरबा एसडीएम, तहसीलदार, पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे, बीएन सिंह, हरिश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम के टी.पी.नगर जोनांतर्गत पम्प हाउस मैगजीनभाठा दशहरा मैदान ग्राउण्ड में भूमिपूजन कार्यक्रम में पट्टा वितरण की भी शुरूआत हुई। उपस्थित राजस्व मंत्री ने कहा कि पट्टा वितरण के सर्वे में जिनका नाम यदि सूची में नहीं है, तो वे बिल्कुल न घबरायें और किसी के बहकावे में न आयें, सभी को पट्टा प्रदान किये जावेगा।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने विकास कार्यो का भूमिपूजन व पट्टा वितरण के लिए आभार जताते हुए कहा कि वार्ड क्र. 14 के समस्त वार्डवासियों की मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सडक़, बिजली, पानी, सडक़ रोशनी, निःशुल्क नल कनेक्शन, विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है।

इस अवसर पर संतोषी कश्यप, मुरितराम, सुंदरबाई, पुलिस मांझी, सीताराम यादव, रामकुमारी केंवट, गंभीर लाल, नीरादेवी, साहेबलाल, पुनीमती हेमलाल, घसनीन बाई, रमला बाई खैरवार, भखलूराम, भगवती बाई, दिलेराम, रीतारानी खैरवार, शिव कुमार खैरवार, सुमित्रा साहू, किशन साहू, गौरीबाई श्रीवास, शिवरात्रि श्रीवास, पूर्णिमा चौहान, राजेन्द्र चौहान, शमसून निशा, शिव प्रसाद, उतरादेवी, दिगम्बर साहू, रूकमणी देवी, डालेश्वर साहू, किरन गुप्ता, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, दुकालू बाई पटेल, ननकूराम पटेल, सुखबाई केंवट, सम्मेलाल, आदि गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि को पट्टा प्रदाय किया गया। इस अवस र पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कांग्रेसजन व वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक कल

कोरबा, 27 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 29 सितम्बर को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए मकान शहरी), प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम आदि योजनाएं शामिल हैं। बैठक में संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देशित किया गया है।

### एकलव्य में कक्षा 6वीं में प्रवेश की द्वितीय काउंसलिंग 29 को

**कोरबा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई जा चुकी है। शेष सीटों में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया है। यह काउंसलिंग प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि द्वितीय काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों को स्वयं की 5वीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र (यदि जारी हुआ हो), जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटो 05 नग, आरक्षण के तहत चयनित हो तो आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र तथा मेडिकल प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो तो) के साथ उपस्थित होना होगा।

### शिक्षकों को संलग्न करने वाली संकुल प्रभारी पर कार्यवाही करें -मनीराम

कोरबा, 27 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य को राज्य शासन के निर्देशानुसार पत्र जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी शिक्षक को बिना ठोस कारण के किसी भी अन्य शाला में संलग्न ना किया जाए। इसके विपरीत 12 सितम्बर को शासकीय हाई स्कूल घरीपखना विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा की संकुल प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गंगा कौशिक के द्वारा श्रीमती पायल साहू व कुणाल पाल सिंह सहायक शिक्षक एलबी को प्राथमिक शाला डगनिया विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा से प्राथमिक शाला घरीपखना में संलग्न कर दिया गया। इन दोनों शिक्षकों का संलग्नीकरण किए जाने के कारण प्राथमिक शाला डगनिया एकल शिक्षकीय हो गया है जिसके कारण विद्यालय में अध्ययन प्रभावित हो रहा है।

अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े ने इस प्रकार से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले संकुल प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस धूमधाम से आयोजित

**कोरबा-बालकोनगर,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। बालकोनगर स्थित अवधूत भगवान राम सेवाश्रम में सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ। समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत बालकोनगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों को झाड़ू वितरित किए गए। समूह सदस्यों ने प्रभात फेरी निकाली। सदस्यों की उपस्थिति में समूह का ध्वज फहराया। सफल योनी पाठ किया गया। इस अवसर पर बालकोनगर समूह के शाखा मंत्री संतोष शांडिल्य ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा देष भर में जरूरतमंदों के लिए विषिष्ट सेवा कार्य संपन्न किए जाते हैं। परस्पर सहयोग और सद्भावना से पूज्य अघोरेश्वर के मानव एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को समूह के सदस्य निरंतर आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। दूसरों के लिए जीने में ही जीवन की सार्थकता है। सर्वेश्वरी समूह की स्थापना जरूरतमंदों की सेवा के लिए हुई है। पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखना ही समूह का उद्देश्य है। श्री शांडिल्य, अशोक सिंह, सत्येंद्र दुबे, गुलाब, राधेश्याम कुंभकार, आर.पी. सूर्यवंशी, श्रीमती हेमलता शांडिल्य, श्रीमती अलका सिंह, श्रीमती प्रभावती तिवारी, श्रीमती रूक्मिणी देवी ने आयोजन में उत्कृष्ट योगदान दिया।

### विश्व हृदय दिवस पर शिविर कल

**कोरबा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व हृदय दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब एवरेस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में सभी प्रकार के हृदय रोगों हेतु निःशुल्क आयुर्वेद योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 29 सितंबर को पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक आयोजित है। शिविर में वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा सेवाएं देंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि हृदय रोगों के प्रति जागरूकता से इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...

ऊर्जाधानी में गणेशोत्सव





चित्रा मल्टीप्लेक्स रानी रोड के बगल मैदान में नागलोक में सिद्धिविनायक उत्सव समिति द्वारा विराजित मनमोहक प्रतिमा।



ट्रांसपोर्ट नगर में टाटा मोटर्स के पीछे कालोनीवासियों द्वारा स्थापित गणेश की मनोहारी प्रतिमा

## गणेश प्रतिमाओं का होने लगा विसर्जन, घाटों पर बरतनी होगी सावधानी

**कोरबा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न छोटे-बड़े पंडालों से लेकर गली-मोहल्लों व घरों में विराजित की गई गणेश व रिद्धि-सिद्धि की प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया है। 26 सितंबर को पंचक लगने के कारण अनेक लोगों ने मूर्तियों का विसर्जन हवन-पूजन करने के बाद करना प्रारंभ किया। यह सिलसिला आज भी नदी, नहर और तालाब के घाटों पर जारी रहा। 28 और 29 सितंबर को प्रायः सभी उत्सव समितियों के द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया जाएगा जिसके लिए शहर भ्रमण के दौरान काफी चहल-पहल और विसर्जन घाटों में गहमा-गहमी रहेगी। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन के दौरान डीजे और बैंड बाजा की धुन पर लोग नाचते-गाते घाट तक पहुंच रहे हैं। यहां विसर्जन के लिए चूंकि बच्चे भी पहुंच रहे हैं और कुछ लोग नशे की हालत में भी रहते हैं, इस लिहाज से मूर्ति का विसर्जन के समय इन पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसके अलावा कई बार मूर्ति को पानी में डालने के दौरान पैर फिसलने या अन्य तरह से भी हादसा होने की संभावनाएं बनी रहती है जिसके दृष्टिगत घाटों पर पर्याप्त रौशनी और ऐहतियात के तौर पर नगर सेना के जवान, गोताखोर व पुलिस कर्मियों की तैनाती पूरी मुस्तैदी के साथ होनी चाहिए।

**आज और कल विसर्जन की रहेगी धूम**

## विसर्जन के लिए मेड़ खोलने की बात पर मारपीट

पाली थाना अंतर्गत ग्राम कपोट के आवासपारा मोहल्ले में सार्वजनिक गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। 25 सितंबर को मूर्ति विसर्जन में मोहल्ले के लोग एकत्र हुए। मोहल्ले के तालाब में विसर्जन के लिए मूर्ति ले जाने के दौरान तालाब के मेड़ को खोलने के लिए कहा गया। इस मेड़ को गांव के ही गोपाल सिंह सौता ने रूंध दिया था जिसे हटाने के लिए दिलकुंवर सौता पति इंद्रपाल ने बोला तो गोपाल गुस्से में आकर कहा कि यहां विसर्जन नहीं करोगे। गोपाल ने गाली-गलौच कर डंडे से मारपीट कर दिया जिसमें दिल कुंवर को चोट आई है। गोपाल के विरूद्ध धारा 294, 323, 56 बी भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## प्रसाद नहीं देने का आरोप लगाकर मारपीट, चाकू भी चलाया

कुसमुंडा थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव में नवयुवक समिति के द्वारा मोहल्ले में गणेश बिठाया गया था। 25 सितंबर को विसर्जन के बाद 26 सितंबर को शाम करीब 7.45 बजे समिति से जुड़ा युवक रामनारायण अपने दोस्त हेमंत सिंह कंवर, मनीष महंत व भूपेन्द्र निर्मलकर के साथ मिलकर प्रसाद बांट रहा था। निर्मल दास के घर के सामने पहुंचने पर एक लडक़ा प्रकाश कंवर आया और तुम लोग मुझे प्रसाद नहीं दिए हो कहकर हेमंत के साथ मारपीट शुरू कर दिया। भूपेन्द्र और मनीष ने बीच बचाव किया तो प्रकाश ने अपने पास रखे चाकू से हेमंत को मारने की कोशिश की। रामनारायण ने चाकू पकड़ लिया जिससे चाकू का मूठ टूट गया था बाएं हाथ की अंगुली में चोट लगा है। प्रकाश ने टांगी से जान से मार देने की धमकी भी दिया। प्रकाश कंवर के विरूद्ध धारा 294, 323, 56 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।




भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने पॉवर हाऊस रोड में विनायक उत्सव समिति के पंडाल पहुंचकर वेंकटेश्वर गणेश का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने सुंदरकांड का पाठ करने खरौद से आए पंडित ओमप्रकाश शर्मा से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उत्सव समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव राजेश गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने श्री देवांगन का गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा के पीछे मोहल्ले में आकर्षक पंडाल में विराजे मनमोहक गणेश

प्रसिद्ध गणेश उत्सव समिति सीतामणी द्वारा स्थापित गणपति का दर्शन



## पेट्रोल पम्प में खड़े ट्रेलर से 350 लीटर डीजल की चोरी

**कोरबा-पाली,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। चालक द्वारा पेट्रोल पंप में खड़ी किए गए ट्रेलर की टंकी से 350 लीटर डीजल की सनसनीखेज चोरी कर ली गई। जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी-12एस-5600 का चालक ग्राम बगधरीडांड पाली का रहने वाला चंद्रहेश यादव है। 25 सितंबर को सुबह 7 बजे ट्रेलर को अग्रवाल पेट्रोल पंप ग्राम मादन में खड़ी कर चंद्रहेश पेशी पर उपस्थित होने करतला चला गया था। 26 सितंबर को सुबह 7 बजे वापस ग्राम मादन लौटा तो देखा कि ट्रेलर के डीजल टैंक से 350 लीटर डीजल चोरी हो चुका था। चोरी गए डीजल की कीमत 33 हजार रुपए बताई गई है। चंद्रहेश यादव की रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि के तहत अज्ञात डीजल चोर के विरूद्ध अपराध दर्ज कर पतासाजी किया जा रहा है।

## रास्ता बंद करने के विवाद में मैनेजर से मारपीट

कोरबा, 27 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा परियोजना खदान में गलतफहमी के कारण प्रबंधन की करनी का खामियाजा दूसरे को भुगतना पड़ गया। मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक प्रार्थी जितेंद्र गरूड़ नगर दीपका में रहता है व सैनिक माईनिंग कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 25 सितम्बर को उसके कंपनी की एक वोल्वो गाड़ी गेवरा खदान के डंपिंग साईड में कीचड़ मे फंस गई थी जिसे स्टाफ लेकर सुबह 11.30 बजे करीब निकलवाने का प्रयास कर रहा था। उसी समय के.जे. सिंह कंपनी का सुपरवाइजर कुलदीप, सचिदानंद एवं ड्रायवर नवीन आये और जितेंद्र को गालियां देते कहने लगे कि तुम भठोरा से गेवरा खदान आने वाले रास्ते को कैसे बंद करवा दिये। तब जितेंद्र ने उनसे बोला कि उस रास्ते को मैं बंद नहीं करवाया हूं, एसईसीएल बंद कराई है। इसी बात को लेकर तीनों एक राय होकर जितेंद्र को जान से मारने की धमकी देते हाथ, झापड़ से मारपीट करने लगे। फिर कुलदीप, नवीन उसका हाथ पकड़े और सचिदानंद लोहे के किसी वस्तु से दाहिने सिर, माथा के पास मारा जिससे खून निकलने लगा। जितेंद्र को मारता देख वहां उपस्थित दोलानंद एवं मंजित लोग बीच-बचाव कर छुड़ाए तथा एनसीएच गेवरा अस्पताल दीपका में ईलाज मरहम पट्टी कराये। मारपीट करने से जितेंद्र के दाहिने सिर, माथा एवं पीठ, दाहिना बांह में चोट आया है। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी सचिदानंद, कुलदीप, नवीन के विरुद्ध धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## ट्रेन सुविधाओं के लिए भाकपा ने रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद द्वारा कोरबा से विभिन्न ट्रेनों रायगढ़ इंटरसिटी, हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस, पटना साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन, रीवा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने तथा कोरबा से अंबिकापुर तक रेल मार्ग बनाए जाने की मांग करते हुए इस संबंध में केन्द्रीय रेल मंत्री के नाम कलेक्टर सौरभ कुमार को ज्ञापन सौंप गया।



भाकपा के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा के साथ जिला परिषद सदस्य एन के दास, एस के प्रसाद, राममूर्ति दुबे, सुनील सिंह, मनीष नाग, मुकेश यादव, अविनाश सिंह, दुर्गेश कुशवाहा इस दौरान उपस्थित थे। ज्ञापन सौंपने के बाद पवन कुमार वर्मा ने कहा कि कोरबा जिला इंडस्ट्रियल क्षेत्र है जहां पूरे भारत वर्ष से अलग-अलग क्षेत्र से आकर यहां लोग अलग-अलग कंपनियों में काम करते हैं एवं व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। यहां कोयला की खदानें, एल्युमिनियम उद्योग, पॉवर प्लांट सहित अनेक छोटे-बड़े उद्योग संचालित हैं जिनमें बड़ी संख्या में लोग कार्यरत हैं। दूसरे प्रदेश व जिलों से आकर निवासरत इन लोगों को आवगामन के लिए ट्रेनों की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सुनील सिंह ने कहा कि कोरबा से सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है उसके बाद भी ट्रेनों के लिए यहां की जनता को इधर-उधर भटकना पड़ता है। मनीष नाग ने केंद्र सरकार से निवेदन किया है कि कोरबा से हर राज्यों के लिए ट्रेन चलाई जाए। जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो भविष्य में जन आंदोलन किया जाएगा।

## महिला का पीछा कर देता था धमकी, जुर्म दर्ज

**कोरबा-दीपका,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। एक महिला के आने-जाने के दौरान उसका पीछा कर धमकी देने वाले युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार दीपका थाना अंतर्गत निवासी 26 वर्षीय महिला अपने बच्चे को स्कूल पहुंचाने और लाने के लिए आना-जाना करती है। इस बीच उसका पीछा करते हुए रोक कर गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी आरोपी कुणाल राजपूत के द्वारा दी गई। 7 अगस्त को प्रार्थियां बच्चे को स्कूल पहुंचाने के लिए गई थी तो उसके साथ यह हरकत किया गया। जब स्कूल से लेने गई तब पीछा कर फिर इस हरकत को अंजाम दिया जब पीड़िता ने इसके विरूद्ध आवाज उठाई तो फोन पर अलग-अलग नंबर से कॉल करके गाली-गलौच करने लगा। 6 सितंबर को 2 बजे पुनः फोन कर धमकी दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर कुणाल राजपूत के विरूद्ध धारा 294, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## मतदान प्रक्रिया और आदर्श आचार संहिता का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा,** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के दिशानिर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई.व्ही.एम. के संबंध में सेक्टर अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे सहित सभी रिटर्निंग ऑफिसर और सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



प्रशिक्षण में मतदान दिनांक से पूर्व संवेदनशील मतदान केंद्र की जानकारी रखने के साथ एएमएफ और ईएमपी की जानकारी, रूट चार्ट तैयार करने के साथ ईवीएम मशीन के संचालन के संबंध में बताया गया। निर्वाचन कार्य हेतु सामग्रियों का वितरण और वापसी की प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों के साथ सामग्रियों की जानकारी दी गई। निर्वाचन(मतदान) दिवस में रिपोर्टिंग, मॉक पोल, वास्तविक पोल, प्रत्येक दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी के साथ ही आदर्श आचार संहिता के दौरान किए जाने वाले कार्य एवं मॉनीटरिंग के विषय में जिला स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर डॉ. एमएम जोशी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। चुनाव कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को अपने शासकीय दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, नोडल और सेक्टर ऑफिसर्स, संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनहित से जुड़े व समयसीमा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें-आयुक्त

### विकास व निर्माण कार्यो में गति लाएं, प्रगतिरत कार्यो को समय पर पूर्ण करें




कोरबा, 27 सितंबर (देशबन्धु)। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि निकट भविष्य में निर्वाचन आचार संहित लगने वाली है। सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किये हैं कि सम्पत्ति विरूपण से संबंधित जगहों को चिन्हित कर लिया जाए, इसके साथ ही साथ सम्पत्ति विरूपण टीम गठित किया जाए, जिसमें संलग्न अधिकारी कर्मचारी हमेशा निगरानी पर रहें तथा पोलिंग पार्टी जहां रूकती है, उस स्थल का भी निरीक्षण कर लेवें। मतदान सामग्री वितरण होता है, उसके आसपास के क्षेत्रों को साफ-सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया तथा मतदान से संबंधित आवश्यक सामग्री पेयजल व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, पहुंच मार्ग, स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य उपकरणों की समुचित व्यवस्था निर्धारित समय पर करने हेतु निर्देशित किया गया है कि आने वाले समय में किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत सभाकक्ष में आयुक्त ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो सहित विविध नगर पालिक सेवाओं व जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, राकेश मसीह, हृदयराम बघेल, विवेक रिछारिया, सुशील सोनी, सुनील टांडे, राहुल मिश्रा, मोतीलाल बरेठ, पीयूष राजपूत, विपिन मिश्रा, लीलाधर पटेल, विनोद गोंड, कार्यालय अधीक्षक आर.के.मसीह, सहायक लेखाधिकारी अशोक देशमुख, सहायक कार्यालय अधीक्षक रामेश्वर सिंह कंवर, लीलाम्बर यादव आदि उपस्थित थे।

### पान-गुटखा सेवन कर कार्यालय में प्रवेश न करें

समस्त अधिकारियों एवं जोन कमिश्नरों को स्वच्छता के संबंध में स्पष्ट रूप से निर्देश दिये हैं कि कार्यालय परिसर में कोई भी व्यक्ति पान खाकर प्रवेश करते हैं तो उन्हें मना किया जाए कि आप पान, गुटका तम्बाकू इत्यादि का सेवन करके ही कार्यालय में प्रवेश न करें, कार्यालय परिसर को किसी प्रकार से गदंगी से दूषित न करें तथा कार्यालय को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# सार-संक्षेप

## यात्री बस सड़क किनारे पलटी



**रायगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। मंगलवार की शाम यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में एक यात्री को चोट आई है। घटना धरमजयगढ़ के पास घटित हुई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहर के केवड़ाबाडी बस स्टैण्ड से मंगलवार की शाम तकरीबन 5 बजे यात्रियों लेकर निकली शमीम बस धरमजयगढ़ नीचे पारा पेट्रोल पंप के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बताया जा रहा है कि चलती बस के सामने का पट्टा अचानक टूट गया जिससे बस अनियंत्रित हो गई और यह घटना घटित हो गई जिससे बस में सवार एक लड़की के पैरों में चोटे आई है। जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया है। इसके अलावा बस में सवार अन्य किसी को भी चोट नही आयी है।

## विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**अम्बिकापुर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। सरगुजा जिले में स्वीप प्लान कमेटी के माध्यम से मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व में संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर में शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मंगलवार को मतदान सलाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं, अध्यापक, शिक्षार्थियों ने शामिल होकर अपनी प्रतिभाओं का परिचय मतदान से संबंधित विविध आकृतियां बनाकर प्रदर्शित की। जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन ने अपने उद्बोधन से सभी को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित कर, मतदाता शपथ दिलायी।

इसी प्रकार बुधवार को स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कुमार कंवर तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक की उपस्थिति में नर्सिंग कॉलेज अंबिकापुर की छात्राओं के द्वारा अंबिकापुर नगरपालिक निगम के घड़ी चौक स्थित डाटा सेंटर प्रांगण में शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन कर विविध कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गईं तथा लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया।

## प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस के लिए 24 लाख रुपये राशि मंजूर

**अम्बिकापुर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के निकटतम वारिस के लिए 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील मैनपाट के ग्राम बिसरपानी निवासी चिरू की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस भिसी, ग्राम करम्हा निवासी सुईली की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस बुद्धु मझवार, ग्राम कदनई निवासी मुधन की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस पनमेश्वरी, ग्राम अमगांव निवासी अजीत मझवार की अकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस जीरन मझवार, तहसील सीतापुर के ग्राम देवगढ़ निवासी मंगली की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस मनबोध एवं तहसील लुण्ड्रा के ग्राम असकला निवासी अनिल कुमार नगेशिया मधूमक्खी काटने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस शिना, को 4-4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मनेंद्रगढ़ वासियों को दी एक और बड़ी सौगात



**मनेंद्रगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ नगर क्षेत्र में कई वर्षों से नजूल पट्टे के संबंध में जनता की मांग नहीं पूरी हो रही थी।

कुछ माह पूर्व इस मामले को चेंबर के पदाधिकारी द्वारा मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल के समक्ष रखा गया जिस पर डॉक्टर विनय जायसवाल ने भरोसा जताते हुए कहा कि मैं आप लोगों की बात उच्च नेतृत्व में रखूंगा और हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल जी द्वारा यह मांग जरूर पूरी की जाएगी।

जिस पर समय-समय पर विधायक डॉ विनय जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ पत्राचार कर बार-बार क्षेत्र में पट्टे की मांग की जा रही थी जिस सभी उक्त नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया और पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई । विधायक श्री विनय जायसवाल जी द्वारा लगातार चेंबर के साथ इस मामले को आगे बढ़ने का कार्य किया गया, इन सबके सहयोग से मनेंद्रगढ के पट्टा धरियो की माँग मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने आज पूरी की और आज छत्तीसगढ़ कैबिनेट की बैठक इसे पास कर दिया गया है। जल्द ही इस संदर्भ में आदेश आप सबके समक्ष आ जाएगा, इस सौगात के लिए पूरा चैंबर परिवार ने मुख्यमंत्री सहित सभी नेताओं का आभार प्रगट किया है। विधायक डॉ विनय जायसवाल ने कहा कि यह कार्य बीजेपी की सरकार में कभी संभव नहीं होता हमने इसके लिएभरपूर प्रयास किया है और जिसका परिणाम आज क्षेत्र की जनता के सामने है और आगे भी कांग्रेस की सरकार में क्षेत्र के हित के मुद्दों पर सकारात्मक फैसले होंगे, उन्होंने समस्त क्षेत्र वासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी, साथ ही माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत , जयसिंह अग्रवाल राजस्व मंत्री का आभार जताया।

# जिले के पहले फूडपार्क की स्थापना का खाद्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**अम्बिकापुर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप सुदृढ़ ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार के अवसर एवं लोगों की आय में वृद्धि हेतु योजनाएं संचालित हैं। इसी कड़ी में कृषि उत्पादों के संरक्षण और प्रसंस्करण के लिए प्रदेश में फूडपार्क स्थापित किए जा रहे हैं जिसमें बुधवार को जिले के पहले फूडपार्क का लोकार्पण सीतापुर विकासखंड में किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी परियोजना के अतंर्गत प्रस्तावित नवीन फूडपार्क की स्थापना ग्राम उलकिया में की गई। नवीन फूडपार्क की स्थापना हेतु राज्य शासन द्वारा 6 करोड़ 27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज जिले के बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश के विकास के उद्देश्य स्वरूप मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार सरगुजा के सीतापुर के ग्राम उलकिया में फूडपार्क की स्थापना की गई है। फूडपार्क में फूड प्रोसेसिंग उद्योग से कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण में आसानी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी फूडपार्क के लिए बिजली, पानी और आवागमन की सुविधा की आवश्यकता होती है। इन सभी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा हर वर्ग की उन्नति और प्रगति हेतु केंद्रित है। उन्होंने सभी लोगों को इस अवसर पर बधाई प्रेषित की।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जिले को यह सौगात मिली है। फूड पार्क के माध्यम से यहां फूड प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू होगी। उद्यानिकी के फल और सब्जियों से जो पैकेज प्रोडक्ट बनते हैं, वे इस फूड पार्क में बनेंगे। लोगों की आय में वृद्धि की शासन की मंशा अनुरूप जिले में रीपा संचालित किए जा रहे हैं, इसी तर्ज पर फूडपार्क स्थापना के जरिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार मिलेगा। फूडपार्क की स्थापना से विकास के नए द्वारा खुलेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार 8.920 हेक्टेयर क्षेत्र का आधिपत्य जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा से सीएसआईडीसी को हस्तांतरित किया गया है। उक्त प्रस्तावित नवीन फूडपार्क में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना के लिये 3000, 5000, 7500, 10000 वर्ग फीट क्षेत्रफल के लगभग 60 भूखण्ड प्रावधानित है, जिससे शासन को विभिन्न टैक्सों के माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होगी। इस नवीन फूडपार्क के स्थापना होने से स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग श्री अटल बिहारी यादव, राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरूदीन इराकी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिमा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री प्रेमदान कुजूर, श्री आदित्य भगत सहित सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने नवीन संगीत महाविद्यालय का किया उद्घाटन

■ पीजी कॉलेज के विगत शैक्षणिक सत्रों में सर्वोच्च अंक प्राप्त, क्रीड़ा तथा अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



**अम्बिकापुर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव बुधवार को शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय अम्बिकापुर के उद्घाटन समारोह एवं राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर फीता काटकर सरगुजा संभाग के प्रथम संगीत महाविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने संभाग के प्रथम शासकीय संगीत महाविद्यालय के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि अब सरगुजा अंचल शिक्षा के साथ संगीत एवं नृत्य जैसी विधा में भी देश-विदेश में अपना परचम लहराएगा। महाविद्यालय के माध्यम से कला एवं संस्कृति का संरक्षण तथा संवर्धन हो, इसी परिकल्पना के साथ यह अवसर नई पीढ़ी को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं से बात कर सहजता के साथ उनके सवालों के जवाब दिए तथा आवश्यकताओं और मांगों को सुनकर निराकरण हेतु आश्वस्त किया।

इस अवसर पर बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, एमआईसी सदस्य श्री द्वितेंद्र मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा सरगुजा में वर्ष 2023-24 से राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के परिसर में नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय प्रारंभ किया गया है। यह महाविद्यालय इंदिरा गांधी कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संबद्धता प्राप्त है। महाविद्यालय में बैचलर आफ परफॉर्मिंग आर्ट में 40 सीट है, इसमें आधार पाठ्यक्रम हिंदी, अंग्रेजी पर्यावरण एवं विषय के रूप में गायन (वोकल) नृत्य कथक, लोक संगीत हैं।

### सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र छात्राएं हुए सम्मानित

इस अवसर पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 219-2, 22-21, 221-22 तथा 222-23 में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही क्रीड़ा प्रतियोगिता, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## मां महामाया मंदिर मार्ग में 53.29 लाख की लागत से बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

**अम्बिकापुर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को मां महामाया मंदिर मार्ग में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है, इसका उदाहरण मां महामाया की नगरी में देखने को मिल रहा है। आस्था से जुड़ा यह निर्माण हर एक की भागीदारी से बने, इसके लिए निरंतर प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के समक्ष इसकी जानकारी रखी गई और प्राथमिकता कार्य के साथ निर्माण हेतु राशि स्वीकृत हुई है। जल्द ही भव्य स्वागत द्वार बनकर तैयार होगा, मां महामाया की प्रतिष्ठा के अनुकूल प्रवेश द्वार बनाया जायेगा।



कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने भी इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि मां महामाया की कृपा सदैव बनी रहे और सरगुजा जिले के साथ पूरा प्रदेश निरंतर प्रगति करता रहे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिला पंचायत सभापति श्री राकेश गुप्ता, एमआईसी सदस्य श्री द्वितेंद्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारी- कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## विश्व पर्यटन दिवस के पर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**अम्बिकापुर** 27 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक श्रमदान किया गया। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों के आस-पास स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड सीतापुर के मंगरेलगड़ पर्यटन स्थल, अम्बिकापुर के घुनघुट्टा पर्यटन स्थल, रामवनगमन पर्यटन परिपथ रामगढ़, बतौली के सेदम जलप्रपात, मैनपाट के उल्टापानी तथा जलजली पर्यटन स्थल, लुण्ड्रा के लमगांव पर्यटन स्थल सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवा व अन्य सक्रिय लोगों के सहयोग से सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य कचरों को एकत्रित किया गया तथा नजदीकी सेग्रीगेशन शेड में लाकर या अन्य उचित माध्यम से प्रबंधन कराया गया। इसके साथ ही लोगों से अच्छे स्वच्छता व्यवहार हेतु स्वच्छाग्रह किया गया तथा स्वच्छता हेतु शपथ दिलायी गई।

## सुसाईड के लिये प्रेरित करने के मामले में आरोपी को 7 साल कड़ी कैद

**रायगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छेड़छाड के मामले में जेल की हवा खाने के बाद पीड़िता तथा उसके परिजनों को केश वापस लेने बाबत लगातार प्रताड़ित करने तथा इसी प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर पीडिता के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने कर लेने के मामले में सत्र न्यायाधीश की अदालत ने कल आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल के सश्रम कारावास तथा अर्थदण्ड से दंडित किया है।

**अदालत ने जुर्माने से भी किया दंडित**

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि अभियुक्त कन्हैया लाल दलाल 36 साल निवासी इंदिरा नगर के द्वारा साजिया नाज के साथ छेड़-छाड़ किया जाता था, जिसकी रिपोर्ट पीड़िता साजिया नाज ने सिटी कोतवाली थाने में की थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी कन्हैया को गिरफ्तार करते हुए छेड़छाड़ के मामले में जेल दाखिल कराया था। आरोपी कन्हैया लाल दलाल जमानत पर छूट कर आने के पश्चात साजिया नाज तथा उसके पिता को रिपोर्ट वापस लेने के लिए धमकी देता रहा। उसकी बात नही मानने पर अपने पास रखे फोटो वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी भी दिया जाता रहा। जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर साजिया नाज ने 28 अक्टूबर 2021 को इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बावजूद आरोपी कन्हैया लाल दलाल अपनी हरकतों से बाज नही आया और साजिया नाज को लगातार केस वापस लेने के लिए दबाव देकर धमकी दिया जाता रहा तथा मोबाईल में फोटो दिखाकर बदनाम करने का प्रयास किया गया जिससे प्रताडित होकर 17 नवंबर 2021 को साजिया नाज अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पीएससी भर्ती पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक, मुख्यमंत्री कब करेंगे जांच- ओपी

## भाजपा ने लगातार भर्ती प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए

**रायगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। हाई कोर्ट द्वारा पीएससी की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए 13 नियुक्तियों पर रोक लगाए जाने के बाद प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चैधरी ने सूबे के मुखिया भूपेश बघेल से पूछा तथ्य मिलने पर जांच की बात कहने वाले अब कौन क्यों है? तथ्य मिलने के बाद जांच की बजाय भूपेश सरकार का मौन संदेहों को जन्म दे रहा है।



भाजपा महामंत्री ओपी चैधरी ने कहा बतौर विपक्ष 2021 छत्तीसगढ़ पीएससी परिणाम में घोटाले संबंधी जानकारी सामने लाती रही स विपक्ष धर्म का पूरी शिद्दत से निर्वहन करते हुए भाजपा ने बकायदा पी एस सी से जुड़े चेयरमैन एवं कांग्रेस से जुड़े संगे सबंधियो नाते रिश्तेदारों के नाम भी उजागर करते हुए तथ्य भी रखे लेकिन भूपेश सरकार जांच की बजाय भर्ती स्कैम में शामिल रही। श्री चैधरी ने कहा लाखो रुपयों की रिश्वत देकर अयोग्य लोग संवैधानिक पदों पर आयेगे तो भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन मिलेगा और आम छत्तीस गढ़िया के अपने चकनाचूर होंगे। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने चहेतों का चयन अलगदृअलग पदो पर करवाया है।

छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ धोखाधडी की गई है। पिछले महीने पीएससी के जारी परिणामों में 15 ऐसे लोग चयनित हुए जिनका संबंध किसी न किसी रूप में कांग्रेस के नेताओं से एवम पीएससी के वर्तमान चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी से जुड़ा हुआ है। भाजपा की ओर से उनके द्वारा यह मामला उठाए जाने पर कांग्रेस ने राजनीति करने का आरोप लगाए हुए सबूत मांगे। हाई कोर्ट की टिप्पणी को सबसे बड़ा सबूत बताते हुए ओपी ने कहा मुख्यमंत्री को इस मामले में जांच की घोषणा करनी चाहिए अन्यथा जनता यह माना लेगी कि सरकार की सरपरस्ती में घोटाले को अंजाम दिया गया है।

मिडिया रिपोर्ट्स के हवाले से भाजपा नेता ने कहा टामन सिंह सोनवानी के परिवार से एक दो नहीं बल्कि पांच पांच लोगो की नियुक्ति पीएससी में की गई है। टामन सिंह के बेटे नितेश और बहु निशा की नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर के पद में हुई, बड़े भाई के बेटे साहिल की डीएसपी, भाई की बहू दीपा की आबकारी अधिकारी और बहन की बेटी सुनीता की श्रम अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली है। सभी अभ्यर्थियों के नाम के आगे का उपनाम अर्थात सरनेम जानबूझ कर छुपाया गया ताकि भेद न खुल सके। डिप्टी कलेक्टर के पद में 13 और नियुक्तियां हुई को शक के दायरे में है। राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो के बेटे बेटी नेहा खलखो और निखिल खलखो का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद में हुआ। कांग्रेस नेता के ओएसडी के रिश्तेदार की बेटी प्रज्ञा नायक, प्रखर नायक, कांग्रेस नेता के ओएसडी के साढू की बेटी खुशबू बिजोरी, कांग्रेस नेता सुधीर कटियार के दामाद शशांक गोयल, बहु भूमिका कटियार, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के बेटे स्वर्णिम शुक्ला इन सब के नाम पीएससी की सूची में शामिल है। मामले की संज्ञान में आते ही माननीय हाई कोर्ट में सभी की नियुक्ति पर रोक लगा दी है।

# विधायक कमरो ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**मनेन्द्रगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश की पहली विधानसभा का दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत में विकास का दौर निरंतर जारी है। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने मंगलवार को शासन की योजनाओं के तहत विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायतों में 16 करोड़ 73 लाख 38 हजार रूपए की एक बड़ी राशि से होने वाले बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। विभिन्न विकास कार्यों के साथ एनएच 43 से 18वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग लंबाई 4.02 किलोमीटर निर्माण कार्य का विधायक कमरो द्वारा भूमि पूजन किए जाने से सडक़ जैसी बुनियादी सुविधा को तरस रहे बटालियन में पदस्थ अफसर और जवानों के साथ उनके परिवार में खुशी देखी गई। विधायक कमरो ने जिन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया उनमें ग्राम पंचायत भल्लौर में बिहीडांड पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण 10 लाख एवं मिठाई लाल के घर के पास पुलिया निर्माण 5 लाख, हस्तिनापुर में पंचायत भवन के सामने इंटरलॉकिंग कार्य 7 लाख, कोड़ाकूपारा में शेड निर्माण डेढ़ लाख, चैनपुर में नाका के पास शेड निर्माण 5 लाख, एके नर्सिंग कॉलेज मार्ग में 300 मीटर सीसीरोड 7 लाख 80 हजार, एनएच से बटालियन मार्ग में डामरीकरण कार्य 4 करोड़ 64 लाख, बटालियन से चिमटीमार सडक़ निर्माण 5 करोड़ 1 लाख, स्वास्थ्य आवासीय कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, लालपुर बसोरपारा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख 20 हजार, चौघड़ा में सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख 20 हजार, चनवारीडांड में सेन समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, मलाईभट्टा में सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, मुक्तिधाम में शेड निर्माण डेढ़ लाख, मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार सिद्धबाबा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने फर्शीकरण एवं प्लेटफॉर्म निर्माण 19 लाख 97 हजार, सलवा के खेरिया डबरा में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, पेण्ड्री में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, घुटरा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख 20 हजार, आरसीसी पुलिया निर्माण 18 लाख 14 हजार, सोनहरी में ग्राम नगवा से सोनहरी पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण कार्य 5 लाख, बाला में पुलिया निर्माण कार्य 5 लाख, गरूडड़ोल के ग्राम बालशिव में बियाझोरखी नाला सीसी रोड निर्माण 5 लाख, मुसरा में पुलिया निर्माण 7 लाख, बाही में सीसी रोड निर्माण कार्य डेढ़ लाख एवं ग्राम पंचायत महाई में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, रतौरा धर्मपुर मार्ग निर्माण 5 करोड़ 40 लाख एवं सिंचाई नाली निर्माण कार्य 12 लाख 97 हजार कुल 16 करोड़ 73 लाख 38 हजार रूपए के निर्माण कार्य शामिल हैं। इस दौरान जनपद सदस्य कृष्णा सिंह, कमली बाई, कविता दीवान, सुभागिनी राय एवं रम्मी बाई तथा सरपंच ज्योति सिंह, सोनमती, उजित नारायण, महेंद्र सिंह, गौरी, संतोष गोंड़, मीरा बाई, नारायण, सुशीला गोंड़, अनीता चेरवा, सुनीता, शिवप्रसाद सिंह, बलदेव सिंह, राजाराम व अगसिया गोंड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### जनसंपर्क कर विधायक ने दी योजनाओं की जानकारी

विकास कार्यों के भूमि पूजन के साथ विधायक कमरो ने सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में अब तक हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों और उससे मिल रहे लाभ की विस्तार से जानकारी ली साथ ही विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी मांग पर कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की।

## सार-संक्षेप

### आर्या नंदे ने चक्रधर समारोह में पांचवीं बार दी प्रस्तुति



**सारंगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ में खला के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित समारोह चक्रधर समारोह में सारंगढ की शान के रूप में प्रसिद्ध रविन्द्र विनीता नन्दे की सूपूत्री आर्या नंदे ने पांचवीं बार ओडिसी नृत्य की उत्तम प्रस्तुति देकर उपस्थितों का मन मोह लिया जिसके लिए उन्हें अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने सम्मानित किया ज्ञात हो कि आर्या नंदे ने खजूराहो महोत्सव, चक्रधर समारोह, रामगढ महोत्सव, चंद्रहासिनी महोत्सव सहित दिल्ली व मुम्बई व भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य समारोह में कई बार उत्तम प्रस्तुति देकर सम्मानित भी हुई हैं तथा चिंता ओ चेतना कार्यक्रम में उडीसा के राज्यपाल ने आर्या का सम्मान किया था, वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया जापान पटाया इत्यादि के नृत्य समारोह में उत्तम प्रस्तुति दिया था जिसके लिए आर्या को मलेशिया के उच्च दूतावास के डिप्टी कमिश्नर ने सम्मानित किया था तथा छग शासन के कला के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार चक्रधर सम्मान में नामित होने वाली आर्या सबसे कम उम्र की कलाकार भी हैं।

### उपेक्षा कार्य मृत्यु कारित करने के मामले में सेफ्टी हेड, ठेकेदार व सुपरवाइजर गिरफ्तार





**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। बिना सुरक्षा उपकरण के ऊंचाई में काम कराने वाला सुरक्षा प्रमुख, ठेकेदार एवं सुपरवाइजर सहित 03 आरोपी को उपेक्षा कार्य मृत्यु कारित करने के मामले में मूलमुला पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि मृतक विशाल राठौर पिता वीरेंद्र कुमार राठौर उम्र 30 वर्ष साकिन नरियरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा के मर्ग जांच प्राप्त साक्ष्य के आधार पर सेफ्टी हेड सुरेश प्रसाद, ठेकेदार नवल सिंह, सुपरवाइजर जागेश्वर सिंह के द्वारा 24 जुलाई 23 को मृतक विशाल राठौर को ऊंचाई में काम करने का प्रशिक्षण एवं सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए बिना लापरवाही एवं अपेक्षा पूर्ण कार्य ऊंचाई में काम कराने से ऊंचाई से गिरने के कारण सिर में आई चोट से मृत्यु होना पाया गया। आरोपीगण के विरुद्ध थाना मुलमुला में धारा 304 ए, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी सेफ्टी हेड सुरेश प्रसाद,ठेकेदार नवल सिंह ठाकुर,सुपरवाइजर जागेश्वर सिंह के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से 26 सितंबर को गिरफ्तार जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी. सागर पाठक थाना प्रभारी मुलमुला, सहायक उप निरीक्षक प्रमोद महार, आर. राजा जय प्रकाश रात्रे एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविक के रूप सम्मानित हुई कविता



**अकलतरा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविका कुमारी कविता पांडे का चयन राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक हेतु किया गया है इन्हें मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री से 24 को रायपुर में प्रमाण पत्र एवं दस हजार रूपये सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय से बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी कविता पांडे दो बार महाविद्यालय की ओर से राज्य में प्रतिनिधित्व कर चुकी है, और साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करती रही है। इनकी सक्रिय योगदान के कारण शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ ने उन्हें महिला प्रकोष्ठ का सदस्य भी बनाया हैं। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय स्तरीय स्वयंसेवक के रूप मे शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से केवल कुमारी कविता पांडे का चयन होना महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। कविता को विश्विद्यालय के कुलपति महोदय ले.पी.पटेरियां, नीता बाजपेयी राज्य कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ सुशील कुमार एक्का, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला जांजगीर चांपा बीके पटेल महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. जेके जैन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तृप्ति शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ़ेसर अरविंद मिरी व सहायक प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कर भविष्य की निरंतर आगे बढ़ने कामना की। क्षेत्रीय विधायक सौरभ सिंह ने भी स्वयं सेविका की उजवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंकित जैन वहा उपस्थित थे।

### हजरत मोहम्मद साहब की जन्मदिन पर आज निकलेगी जूलूस

**जांजगीर**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के पैदाईश दिवस 28 सितंबर को उल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। इसकी व्यापक तैयारी मुस्लिम समाज द्वारा की गयी है। मस्जिदों को चांदनी से रोशन किया गया है साथ ही तोरण द्वारा शहर को भी सजाया गया है। मस्जिदों में ध्वजा रोहण भी किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मदरसा मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्दिकी ने बताया कि 28 सितंबर को पैगम्बर मोहम्मद साहब के पैदाईश पर मुस्लिम जमात द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। इस दिन आम लंगर, प्रवचन तथा बच्चों का नाथखानी का प्रोग्राम नैला मदरसा व मुस्लिम जमातखाने में आयोजित किया गया है, साथ ही इसी दिन प्रातः 9 बजे से पैदल जूलूस नैला मस्जिद से निकलकर पुरानी बस्ती जांजगीर होते हुए कचहरी चौक, नेताजी चौक होकर पुरानी बस्ती नैला में रैली का समापन प्रसाद वितरण कर किया जायेगा।

# सामाजिक बहिष्कार करना मानव अधिकारों का हनन है - डॉ किरणमयी

## जांजगीर में महिला आयोग के संभाग स्तरीय कार्यालय का फीता काटकर किया उद्घाटन



**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 228 वीं व जिला स्तर पर 08 वीं सुनवाई हुई।

जांजगीर जिले में आयोजित जनसुनवाई में कुल 32 प्रकरण रखे गये। जिनमें 06 केस में सुनवाई की गयी, 09 केस नस्तीबद्ध किये गये, 02 केस की सुनवाई रायपुर में की जावेगी। सामाजिक बहिष्कार संबंधी मामले में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय तथा सखी सेंटर की केन्द्र प्रशासक तथा प्रोटेक्शन आफिसर श्रीमती अनुपमा सिंह कवंर को जिम्मेदारी दी गयी कि आवेदिका के गांव मे औचक निरीक्षक कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया गया। अन्य मामले में पति-पत्नी का साथ जीवन यापन करना संभव नहीं है। आपसी राजीनामा से तलाक लेना चाहते हैं। आपसी तलाक हेतु उपयुक्त सलाह एवं वकील देने हेतु सखी सेन्टर को निर्देशित किया गया। एक अन्य मामले में दोनों पक्षों को सुना गया जिसमे आवेदिका के पिता ने पामगढ़ थाने में धारा 363 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया था उसके पश्चात आवेदिका के द्वारा 354घ, 509क आईपीसी के तहत थाना जांजगीर में प्रकरण दर्ज करायी गयी। चूंकि दो दो मामले पुलिस के विवेचना में आ चुके हैं इसलिए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य मामलों में प्रकरण न्यायालयों में प्रक्रियाधीन होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने आज जांजगीर में महिला आयोग के संभाग स्तरीय कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

## गेड़ी दौड़ में सावित्री व कुश्ती में कमलाबाई को मिला प्रथम स्थान जिले का बढ़ाया मान

### राज्य स्तरीय स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में जांजगीर-चांपा जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन






**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के राज्य स्तरीय आयोजन 25 से 27 सितम्बर तक रायुपर में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेशभर के 1906 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष 16 पारंपरिक खेलों गिल्ली डंडा, पिठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सीकूद एवं कुश्ती का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने व उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहें हैं जिसमें 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष, 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। राज्य स्तरीय स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में सावित्री कश्यप गेड़ी दौड 40 से अधिक आयु वर्ग में और कमलाबाई ने कुश्ती 40 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके जिले का मान बढ़ाया है।

जिला खेल अधिकारी श्री प्रमोद बैस ने बताया की जांजगीर-चांपा जिले से राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में गेड़ी दौड़ 0 से 18 आयु वर्ग में राजेश्वरी बरेठ में दूसरा स्थान, गेड़ी दौड़ 40 से अधिक आयु वर्ग में सावित्री कश्यप प्रथम स्थान, कुश्ती 50 किलोग्राम में 40 से अधिक आयु वर्ग में कमलाबाई प्रथम स्थान, कुश्ती 40 किलोग्राम वर्ग में 18 से 40 आयु वर्ग में पुष्पा कंवर द्वितीय स्थान, कुश्ती 50 किलोग्राम 18 से 40 आयु वर्ग में सुमित खांडेकर द्वितीय स्थान, कुश्ती 40 किलोग्राम 40 से अधिक आयु वर्ग में राधाबाई कंवर तृतीय स्थान, कुश्ती 60 किलोग्राम 40 से अधिक आयु वर्ग में सरस्वती कंवर तृतीय स्थान, कुश्ती 70 किलोग्राम 18 से 40 आयु वर्ग में गायत्री, तृतीय स्थान कुश्ती 50 किलोग्राम 18 से 40 आयु वर्ग में मधु यादव तृतीय स्थान, गिल्ली डंडा 18 से 40 आयु वर्ग में करण मनहर, मुकेश जांगड़े, अभिषेक, अमन एवं सनत रात्रे द्वितीय स्थान, गिल्ली डंडा 0 से 18 आयु वर्ग में साहिल, शशांक चंद्रिका प्रसाद, हरीश, आशीष द्वितीय स्थान, पिट्ठूल 0 से 18 आयु वर्ग में कल्पना, प्रतिष्ठा, चंद्रकला तृतीय स्थान, पिट्ठूल 18 से 40 वर्ग में प्रताप, सुमन, नत्थूलाल, अभिषेक द्वितीय स्थान, गिल्ली डंडा 40 से अधिक आयु वर्ग में गौरी शंकर पटेल, गोरेलाल साहू, हरिराम यादव, पंचराम रात्रे, रामायण प्रसाद तृतीय स्थान, लंगडी दौड़ 40 से अधिक आयु वर्ग में टेकराम बरेठ, विनोद बरेठ द्वितीय स्थान, 100 मीटर लंबी दौड़ 0 से 18 आयु वर्ग में तानिया केवट द्वितीय स्थान स्थान प्राप्त किया।

## कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज बलौदा विकासखंड के ग्राम कुलीपोटा, दर्राभाठा, बसंतपुर, मड़वा और करमंदा में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ शासन की कल्याणकारी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत सभी शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों की भवनों की रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम कुलीपोटा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किये जा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर स्कूल एवं वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न विद्यालयों के मरम्मत,.जीर्णोद्धार, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो, किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना है। उन्होंने बसंतपुर में प्रगतिरत निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने दर्राभाठा, मड़वा और



करमंदा के स्कूलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विद्यालय भवनो के साथ सभी शाला भवनो को एक ही कलर के गोबर पैंट से पैंट करने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है। उन्होंने स्कूलों में बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला दण्डाधिकारी ने किया अनिल चन्द्रा को जिलाबदर

**सक्ती,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सक्ती ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत तहसील डभरा निवासी अनिल चन्द्रा, पिता श्याम लाल चन्द्रा उम्र 40 वर्ष को आदेश दिया है कि 24 घंटे के भीतर जिला सक्ती तथा समीपवर्ती राजस्व जिला जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़ सारंगढ़-बिलाईगढ़, बिलासपुर, जशपुर, बलौदाबाजार-भाठापारा जिले क्षेत्र से 01 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जावे। इसके साथ ही आदेश लागू रहने तक बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिये सक्ती जिला एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करने तथा आदेश का तत्काल पालन किये जाने का आदेश दिया गया है।

### अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार हेतु 10 अक्टूबर तक आवेदन

**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''वीरांगना'' रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। पुरस्कार अंतर्गत राज्य शासन द्वारा पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये, प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर 10 अक्टूबर तक उक्त कार्यालय में जमा कर सकते है।

### बहादुर कलारिन सम्मान हेतु 10 अक्टूबर तक आवेदन

**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''बहादुर कलारिन सम्मान'' देने का निर्णय लिया गया। बहादुर कलारिन सम्मान अंतर्गत राज्य शासन द्वारा पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये नगद, चेक तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर 10 अक्टूबर तक उक्त कार्यालय में जमा कर सकते है।

### महिलाओं के उत्थान हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित

**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला, अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ''मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'' प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला/संस्था को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किये जाने हेतु प्रविष्टियाँ 10 अक्टूबर तक सील बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला जांजगीर-चांपा में आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम महिला बाल विकास कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्ति नवीनीकरण हेतु 31 अक्टूबर तक आवेदन

**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। अनुविभागीय दंडाधिकारी जांजगीर ने जांजगीर अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले तहसील जांजगीर, नवागढ़ एवं शिवरीनारायण के अंतर्गत अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्तिधारियों से दीपावली त्यौहार 2023 हेतु अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्ति नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शपथ-पत्र, चालान की मूल प्रति एवं जारी अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्ति की मूल प्रति सहित आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर के कार्यालय में दिनांक 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

### टिंकू मेमन को बनाला गया अकलतरा विधानसभा का प्रभारी

**जांजगीर**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव टिंकू मेमन को अकलतरा विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।



प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैदू ने सूची जारी करते हुए प्रदेश की सभी ग्यारह लोकसभा सभी 33 जिले और 90 विधानसभाओं पर नियुक्ति जारी करते हुए संगठन ने मेमन को बड़ी जिम्मेदारी सौपी है। पूर्व मे मेमन युवा कांग्रेस के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष रह चुके ऐसे मे उनकी पुरानी टीम के साथ अकलतरा विधानसभा क्षेत्र मे पार्टी को मजबूत करने का मौका मिलेगा। मेमन ने इस जवाबदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## घुमंतू मवेशियों के नियंत्रण हेतु चलाया जा रहा सघन अभियान

### लापरवाह पशुपालकों पर दंडात्मक कार्यवाही के दिए निर्देश

**जांजगीर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घुमन्तू पशुओं के सड़कों पर खुले विचरण से होने वाली दुर्घटनाओं एवं फसलों को खुली चराई से बचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य प्रमुख मार्गों के अंतर्गत आने वाले सभी नगरीय निकायों एवं सभी ग्राम पंचायतों में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में घुमंतू पशुओं के नियंत्रण के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जिले के सभी नगरीय निकाय एव ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख मार्गों से घुमंतू पशुओं को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारी को घुमंतू मवेशियों के नियंत्रण हेतु कार्यवाही करने, उनके गले में रेडियम कॉलर लगाने के साथ ही लापरवाह पशुपालकों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने, सड़कों से काऊकैचर के माध्यम से गौठान, कांजीघर व सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, घुमंतू मवेशियों को चिन्हित कर उनमें रेडियम पट्टा लगाने, लापरवाह पशुपालकों पर



दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं जिससे मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, जनपद सीइओ, सीएमओ को जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य प्रमुखों मार्गों सड़कों पर विचरण कर आवागमन में व्यवधान व दुर्घटना का कारण बनने वाले घुमंतू पशुओं के नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उपसंचालक पशु चिकित्सा द्वारा बताया गया कि जिले मे अब तक 2431 पशुओं मे रेडियम रिफ्लेक्टीव बेल्ट तथा 1052 पशुओं मे टैगिंग किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री को आदिवासीजनजाति की आभार सम्मेलन का न्यौता

**डभरा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सौरा गोंड बिझिया उरांव सहित 12 जनजातीय आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडलों ने रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में सौजन्य मुलाकात कर 3 अक्टूबर को नगर पंचायत डभरा में होने वाले 12 आदिवासी जनजातियों की आभार प्रदर्शन सम्मेलन में मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।



12 आदिवासी जनजाति समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल को हक दिलाने एवं विधेयक पारित कराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। नगर पंचायत डभरा में 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से 12 आदिवासी जनजाति समुदाय के लोग इस विशाल आभार प्रदर्शन सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से रोहित सिदार, रवि सिदार, खोलबहरा, लकेश्वर श्याम , समरूलाल सिदार, टेकलाल, तुलसी, केसर, सुरेश बिसेन, दीनबंधु, शत्रुघ्न, नंदलाल, शिवकुमार, सेतकुमार, महेश सिदार, संतोष कुमार, रतन सिदार, अनिल बिंझिया, युधिष्ठिर राज सहित आदिवासी जनजाति समुदाय के लोग शामिल थे।

# डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन के पूर्व सभी तैयारियों की समीक्षा की

**सारंगढ़** 27 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तर में संपादित होने वाले कार्यों के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने अंगदान के लिए सामूहिक शपथ लिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के किसी भी मतदान केन्द्र में बनियादी सुविधाएं-भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि का कार्य बाकी है, तो अतिशीघ्र पूरा कराएं। जिले में स्वच्छता अभियान, आयुष्मान कार्ड, सड़क से पशुओं को हटाने की शासकीय व्यवस्था, अंगदान करने, गिरदावरी की स्थिति के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी) लागू के पूर्व स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप करना है। ड्यूटी लिस्ट बन चुके उन निर्वाचन कर्मियों के नाम को पीपीईएस सॉफ्टवेयर से हटाना, मोबाइल कंपनियों से वेब कॉस्टिंग मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क के लिए टॉवर की व्यवस्था करना, अंतिम चरण का प्रशिक्षण का आयोजन करना, निर्माण एजेंसियों-पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) आदि द्वारा भूमिपूजन, लोकार्पण, शिलान्यास हो चुके कार्यों का भौतिक रूप से कार्य शुरू करना आदि के संबंध में डॉ. सिद्दीकी ने अधिकारियों को निर्देशित किया। जिले के सभी स्कूलों, कार्यालयों में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों, मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के अन्य मंत्रिगणों से संबंधित कोई पाम्पलेट, ब्रोशर, पुस्तक-पुस्तिका जैसे-जनमन, कैलेंडर, न्याय



योजनाओं से संबंधित अन्य सामग्री आदि उपलब्ध हैं तो, उसका वितरण आदर्श आचरण संहिता लागू होने के पूर्व आम जनता को वितरित कर दें। आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद किसी भी स्कूल, कार्यालय आदि में यह प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए।

डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद संबंधित कार्यालयों द्वारा निर्वाचन नियमानुसार संपत्ति विरूपण अंतर्गत शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, निजी स्थानों से हटाया जाना है, जनप्रतिनिधियों, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को उपलब्ध कराई गई वाहन को वापस लेना है। विश्राम गृह को प्रेक्षक दल के आरक्षित करना, सभी अधिकारियों को प्रतिदिन निर्वाचन कार्यों के पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, सक्षम अधिकारी द्वारा सभा, रैली के लिए अनुमति प्रदान करना एवं निर्वाचन नियमावली के अनुसार पालन करवाना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी. एक्का, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# देश विदेश

## इजराइल ने गाजा सीमा पर किया ड्रोन हमला

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गाजा-इजरायल सीमा के पास हमास की एक चौकी पर ड्रोन से हमला किया। यह हवाई हमला इजरायली सैन्य चौकी पर पहले फेंके गए पेट्रोल बम का जवाब था। एक बयान में कहा कि एक मानव रहित विमान द्वारा हमला इजराइल और गाजा पट्टी के बीच सुरक्षा बाड़ पर एक हिंसक दंगे के जवाब में शुरू किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के दौरान, एक संदिग्ध ने बाड़ के पास एक इजरायली सैन्य चौकी पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका, जिससे सैन्य चौकी में आग लग गई।

# नाजी इकाई के लड़ाके को 'हीरो' कहने वाले कनाडाई संसद के अध्यक्ष का इस्तीफा

**ओटावा,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने और बाद में सदन द्वारा उसे सम्मानित किए जाने पर कनाडाई संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रोटा ने मंगलवार दोपहर पार्लियामेंट हिल में सदन में सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने के अपने अभूतपूर्व निर्णय की घोषणा की। सभी पार्टियों के सांसदों की ओर से सम्मानजनक काम करने और अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ने के लिए लगातार बढ़ते दबाव के बीच उन्होंने यह कदम उठाया है। रोटा ने कहा, इस सदन का काम हममें से किसी से भी ऊपर है। इसलिए, मुझे आपके अध्यक्ष पद से हट जाना



■ सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने की घोषणा की

चाहिए। पिछले शुक्रवार को कनाडाई संसद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के संबोधन के बाद रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूक्रेन की स?वतंत्रता के लिए लड़ने वाले यूक्रेनी व्यक्ति यारोस्लाव हुंका की प्रशंसा की और संसद की ओर से उसे सम्?मानित किया। दो दिन बाद पता चला कि वह यूक्रेनी नाजी इकाई की ओर से लड़ा था। इसके बाद सदन में उसे दिए गये सम्मान और स्टैंडिंग ओवेशन पर विवाद शुरू हो गया। रोटा ने पहले रविवार को और फिर सोमवार को सभी सांसदों से माफ़ी मांगते हुये गलती की पूरी ज़िम्मेदारी ली। उन?होंने वेफेन-एसएस गैलिसिया डिवीजन के साथ अपने घटक की ऐतिहासिक भागीदारी के बारे में विवाद उजागर होने तक जागरूक नहीं होने के लिए माफी मांगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 98 वर्षीय हुंका कनाडा की संसद में गैलरी में बैठे थे और रोटा ने यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की की यात्रा के दौरान उन्हें हीरो बताया, जिसके बाद उन्हें सांसदों द्वारा स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया।

## फंडिंग कम होने से बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के सामने संकट




**संयुक्त राष्ट्र,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि सहायता राशि में कमी के कारण बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में रोहिंग्या शरणार्थियों को अब गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि सात साल पहले म्यांमार से पलायन के बाद से बार-बार जलवायु के झटके झेलने वाले रोहिंग्या को अब भूख का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी कमजोरियां और बढ़ गई हैं। दुजारिक ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि दानदाता फंडिंग में कटौती ने एजेंसी को कॉक्स बाजार में पूरी रोहिंग्या आबादी के लिए अपनी जीवन रक्षक सहायता को कम करने के लिए मजबूर किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फंडिंग की कमी के कारण रोहिंग्या के राशन में दो बार में एक-तिहाई की कटौती की जा चुकी है। मार्च में इसे प्रति व्यक्ति प्रति माह 12 डॉलर से घटाकर 10 डॉलर और फिर जून में घटाकर 8 डॉलर कर दिया गया। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि मौजूदा नकद भत्ते के साथ, रोहिंग्या के पास प्रत्येक भोजन के लिए 9 सेंट से भी कम है जो उन्हें हाशिये पर धकेल रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतरेस के प्रवक्ता ने दी जानकारी

## पुलिस ने निज्जर की हत्या की जांच में देरी का दावा किया खारिज

**टोरंटो।** कट्टरपंथी खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद पुलिस की प्रारंभिक प्रतिक्रिया में देरी हुई थी। इस दावे को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने खारिज कर दिया है और कहा कि उसके अधिकारी घटनास्थल पर चार मिनट में ही पहुंच गए थे। आरसीएमपी के सरे डिवीजन की ओर से यह स्पष्टीकरण सोमवार को वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के बाद आया जिसमें कहा गया था कि 18 जून को सरे के एक गुरुद्वारे की पार्किंग में निज्जर की हत्या में कम से कम छह लोग और दो वाहन शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि गोलियों की आवाज के बाद पुलिस को पहुंचने में 12 से 20 मिनट का समय लगा। सरे आरसीएमपी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, इस घटना के संबंध में पहली कॉल रात 8.27 बजे प्राप्त हुई थी और अधिकारी चार मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

## सुडोकू 6330


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 2 | | 1 | |
| 1 | 8 | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 8 | 9 | 5 | | 3 | | 1 | | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | 5 | 8 |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | 9 | 1 |
| | 3 | | 9 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

## वर्ग पहेली 6330



**बायें से दायें:-**

१. अपहरण करने वाला चोर, डाकू
४. किसी मार्ग, पुल पर से आवागमन करने पर लगने वाला कर
६. आंखों के सामने
७. किसी वस्तु के निर्माण आदि पर होने वाला खर्च
८. विद्यालय
१०. प्रमाणित (उर्दू)
११. परिवर्तित होना या करना
१३. लालच
१४. सूर्य
१५. दूर करना, हटाना
१७. यूनान का निवासी
१९. प्रकाश, उजाला
२१. विनाश, बर्बादी (उर्दू)
२२. व्यापार (उर्दू)
२४. नपुंसक, हिजड़ा

**ऊपर से नीचे:-**

१. कामना, हसरत
२. इच्छुक, जिसे आवश्यकता हो (उर्दू)
३. कुलबुलाना
४. तरफ़दारी
५. झगड़ालू स्त्री
९. लाख का बना घर जिसे दुर्योधन ने पांडवों को जीवित जलाने के लिए बनवाया था
११. झगड़ा, उपद्रव, दंगा (उर्दू)
१२. आसार
१३. वह उपसर्ग जैसा शब्द जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में कोई संज्ञापद-क्रियापद अव्यय या विशेषण बनने के लिए लगाया जाता है
१४. हुक्म, आज्ञा,
१५. घर, मकान
१६. नीरस
१८. वर्ष, साल
१९. दिलचस्प, रुचिकर
२०. वह आधारभूत, सिद्धांत जिसके अनुसार कोई कार्य संचालित किया जाए
२३. दलील

### वर्ग पहेली-6329



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6330 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 28 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - सामाजिक प्रसंग में सगे- संबंधियों और मित्रों के साथ आपका समय अच्छा गुजरेगा। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनसे लाभ भी होगा। पर्यटन पर जाना हो सकता है। सरकारी और अर्ध सरकारी काम में सफलता मिलेगी।

वृषभ - नए काम की शुरुआत करने वालों के लिए समय अनुकूल है। नौकरी तथा व्यवसाय में लाभदायक परिणाम मिलेगा। पदोन्नति मिलेगी। व्यापार में नई दिशाएं खुलती हुई प्रतीत होंगी। सरकार से लाभ के समाचार मिलेंगे।

मिथुन - आज आपको थोड़ी-सी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। परिणामस्वरूप निर्धारित काम पूरे नहीं होंगे। मानसिक चिंता से थकान का अनुभव होगा।

कर्क - क्रोध और नकारात्मक विचार से आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होगा। ऐसे में खुद पर संयम रखें। खान-पान का ध्यान रखें, अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी संभावना है। परिवार में वाद-विवाद होगा।

सिंह - आज दांपत्यजीवन में मामूली बात पर जीवनसाथी से मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी। पति- पत्नी दोनों में से किसी एक का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। व्यापारी भागीदारों के साथ धैर्य से चर्चा करें।

कन्या - आज आपको सभी मामले में अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति स्थापित होगी, इससे मन प्रसन्न रहेगा। सुखप्रद घटनाएं घटेंगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला - बौद्धिक चर्चा जोरों पर रहेंगी। आपकी कल्पना और सृजनशक्ति की प्रगति से संतोष का अनुभव होगा। व्यर्थ वाद-विवाद या चर्चा में न पड़ें। स्वास्थ्य के मामले में पाचनतंत्र से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

वृश्चिक - मानसिक और शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। बुजुर्गों के साथ अनबन होने की घटना आपके मन को व्यथित करेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक नुकसान और सार्वजनिक जीवन में मानहानि होगी।

धनु - आध्यात्म की तरफ आपका विशेष आकर्षण रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए शुभ समय है। मित्रों और सगे- संबंधियों के आगमन से घर में प्रसन्नता रहेगी। हाथ में लिए हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। यात्रा होगी।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। शेयर- सट्टे में पूंजी निवेश का आयोजन करेंगे। आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य संबंधी कुछ शिकायत रहेगी।

कुंभ - आज शारीरिक मानसिक रूप से आपका दिन प्रफुल्लित रहेगा। सगे- संबंधियों तथा मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लेंगे।

मीन - आर्थिक आयोजन और पूंजी निवेश के समय खूब ध्यान रखें। एकाग्रता कम और बेचैनी अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## विपक्षी दल के नेता का गिरफ्तारी वारंट खारिज

**सोल,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट अदालत ने बुधवार को मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जे-म्युंग की गिरफ्तारी वारंट को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने पिछले सप्ताह विश्वास के उल्लंघन और रिश्वतखोरी सहित आरोपों पर पार्टी प्रमुख ली के खिलाफ अनुरोध किया था। ली ने आरोपों से पूरी तरह इनकार किया। सैकड़ों छापों के बावजूद उनके समर्थन में कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिला था। देश के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार था कि एक मुख्य विपक्षी दल का प्रमुख गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत की सुनवाई में उपस्थित हुआ। देश की संसद ने पिछले सप्ताह विपक्षी प्रमुख ली की गिरफ्तारी के लिए मतदान किया, जिसमें पक्ष में 149 और विपक्ष में 136 वोट पड़े। कानून के अनुसार, नेशनल असेंबली के सत्र के दौरान मौजूदा सांसदों को गिरफ्तारी से छूट दी गई है और उन्हें केवल तभी हिरासत में लिया जा सकता है जब सहकर्मी कानून निर्माता इस पर सहमति देते हैं। 298 सदस्यीय विधानसभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास बहुमत है। पिछले शनिवार को अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद श्री ली स्वास्थ्य लाभ के लिए चिकित्सा उपचार ले रहे हैं।

# इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत

**बगदाद,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए है। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने इराकी नागरिक सुरक्षा के हवाले से बताया कि प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। आईएनए ने कहा



कि शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

## आर्मेनिया में ईंधन डिपो विस्फोट में मृतकों की संख्या 68 हुई

**बाकू।** आर्मेनिया के नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में ईंधन डिपो विस्फोट में मरने वालों की संख्या करीब 68 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।आर्मेनिया की सरकारी समाचार एजेंसी आर्मेनप्रेस ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि मृतकों की संख्या 68 हो गयी है और अब तक केवल 21 पीड़ितों की पहचान हो पायी है। रिपोर्ट में बताया गया कि विस्फोट के बाद लगभग 300 लोग घायल हो गए हैं, जबकि 105 लोग अभी भी लापता हैं।

# फिलीपींस ने देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बनाया कानून



नए कानून से देश के श्रमिकों के कौशल को बढ़ाने में मिलेगी मदद

**मनीला,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस ने बुधवार को देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान बनाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किया। श्री मार्कोस ने एक बयान में कहा, नया कानून देश के श्रम क्षेत्र को परेशान करने वाली चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेगा, जैसे कि कम गुणवत्ता वाली नौकरियां, बेमेल कौशल और अल्परोजगार आदि। नये कानून से देश के श्रमिकों के कौशल को अपडेट करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बढ़ावा को बल देगा। श्री मार्कोस ने कहा कि यह अधिनियम रोजगार सृजन और पुनः प्राप्ति की नींव रखेगा और सरकार को कानून के लागू नियमों और विनियमों को तेजी से लागू करने का आदेश दिया गया है। फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण ने कहा कि जुलाई 2023 में देश की बेरोजगारी दर जून में 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गई और कुल 20.27 लाख फिलिपिनो नौकरी से बाहर हो गए। राष्ट्रीय आर्थिक और विकास प्राधिकरण (एनईडीए) ने कहा कि यह कानून उच्च गुणवत्ता और उच्च भुगतान वाली नौकरियां सृजित करने की सरकार की प्राथमिकता का समर्थन करता है, जिससे असुरक्षित रोजगार, विशेष रूप से स्व-नियोजित और अवैतनिक पारिवारिक श्रमिकों में असुरक्षित रोजगार के बढ़ते मुद्दे को संबोधित किया जा सके।

## चीन में मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों का तेज विकास

**बीजिंग,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। चीनी राज्य परिषद के न्यूज कार्यालय ने 27 सितंबर को न्यूज ब्रीफिंग बुलाई। बताया जाता है कि पिछले दस सालों में वाणिज्य मंत्रालय ने संबंधित क्षेत्रों और विभागों के साथ सक्रियता से मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों में विशेष और श्रेष्ठ व्यवसायों का नवाचार विकास बढ़ाया और विकास की नई प्रेरक शक्ति मजबूत की। चीन के 21 मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों में इसका समर्थन किया गया, ताकि भिन्न क्षेत्र वस्तुगत स्थिति के अनुसार विकास की अलग-अलग योजना बनाएं और विशेष व्यवसायों का उच्च गुणवत्ता वाला विकास बढ़ा सकें। चीन मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्र औद्योगिक विकास की पूरी श्रृंखला और उद्यम के विकास के पूरे चक्र के अनुसार व्यवस्थित सुधार करेगा, ताकि विकास की कठिनाई दूर की जा सके। चीन व्यापार, निवेश, वित्त और तकनीक आदि क्षेत्रों में सुधार और नवाचार बढ़ाएगा। इसके साथ पूंजी, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा, डेटा और अन्य तत्वों के मुक्त और सुविधाजनकप्रवाह को बढ़ाया जाएगा, ताकि बाजार, कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक वातावरण तैयार हो सके।

## आज का इतिहास

1836-आध्यात्मिक गुरु शिरडी साई बाबा का जन्म।
1837-अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने दिल्ली का शासन संभाला।
1887-चीन के ह्वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
1907-महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का जन्म।
1923-इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
1928-अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
1929-ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका लता मंगेशकर का जन्म।
1950-इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60वां सदस्य बना।
1958-फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
1982-प्रसिद्ध भारतीय निशानेबाज़ अभिनव बिन्द्रा का जन्म।
1994-एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
1997-अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र %मीर% से जुड़ा।
2000-सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।
2001-अमेरिका एवं ब्रिटिश सेना और सहयोगियों ने 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम' प्रारम्भ किया।
2003-यान रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।
2004-विश्व बैंक ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा।
2006-जापान के नव निर्वाचित एवं 90वें प्रधानमंत्री के रूप में शिंजो एबे ने शपथ ली।
2007-मेक्सिको के तटीय क्षेत्रों में चक्रवर्ती तूफ़ान लोरेंजो ने भारी तबाही मचाई।

**परेशानी** *पिछले एक साल से रियासी में कई आतंकियों की हुई गिरफ्तारियां*

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बनी चिंता का कारण

**जम्मू, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। वैष्णो देवी का तीर्थस्थान जिस रियासी जिले में है वह लिथियम के भंडार की खोज के अतिरिक्त आतंकियों, हाइब्रिड आतंकियों तथा ओजीडब्ल्यू की गिरफ्तारियों के साथ-साथ हथियारों व गोला बारूद की बरामदगियों के कारण पिछले एक साल से सुर्खियों में है। नतीजतन वैष्णो देवी के तीर्थस्थान और आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चिंता इस बार भी नवरात्रों के दौरान प्राथमिकता पर है। पिछले साल अगस्त महीने में रियासी से जो आतंकी गिरफ्तार हुए और उनकी निशानदेही पर जो स्टिकी बम बरामद हुए वे इस चिंता को और इसलिए बढ़ाते थे क्योंकि आतंकी दावा यह था कि स्टिकी बमों की खेप यात्रा को क्षति पहुंचाने के लिए ही एकत्र की गई थी।**

पुलिस के बड़े अधिकारी सुरक्षा समीक्षा की बैठकों में ऐसी चिंताओं को व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि नवरात्रों में वैष्णो देवी की यात्रा को स्टिकी बमों से बचाना भी एक चुनौती होगी।

ऐसे में कटड़ा कस्बे और जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे के दोमेल से कटड़ा तक जाने वाले राजमार्ग पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती का प्लान तैयार करते हुए प्रशासन से अतिरिक्त सैंकड़ों जवानों की मांग की गई है। साथ ही भीड़ में छुपे संदिग्धों पर कड़ी नजर की खातिर ड्रोन भी तैयार किए जा रहे हैं। वैष्णो देवी यात्रा की सुरक्षा को फूल प्रूफ बनाने की खातिर इलाके के ओजीडब्ल्यू की लिस्ट बनाने, सोशल मीडिया पर संदिग्ध पैटर्न पर नजर रखने के अतिरिक्त उन सभी सूचनाओं को गंभीरता से लेने के लिए जोर दिया



■ श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चिंता इस बार भी नवरात्रों के दौरान प्राथमिकता पर

जा रहा है जिनमें वैष्णो देवी की सुरक्षा के प्रति कोई भी चाहे छोटी ही बात क्यों न कही गई हो। अधिकारियों के बकौल, वैष्णो देवी की यात्रा में शिरकत करने वाले श्रद्धालु हमेशा ही आतंकियों के टारगेट पर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यात्रा को निशाना बना वे प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को पटरी से नीचे उतार सकते हैं। जानकारी के लिए पिछले साल 13 मई को वैष्णो देवी के बेस कैंप कटड़ा में चलती यात्री बस में सवार वे लोग बदकिस्मत निकले थे जिन्हें स्टिकी बम के धमाके ने अपनी चपेट में ले लिया तो पांच की मौत हो गई। बीस से अधिक जख्मी हो गए थे। कई दिनों तक पुलिस इसे इंजन में हुआ धमाका बताती रही थी तो बाद में आतंकी गुट जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स द्वारा वीडियो जारी कर इस धमाके की जिम्मेदारी ली गई तो पुलिस ने मान लिया कि धमाका स्टिकी बम से किया गया था। ऐसा ही एक अन्य धमाका पिछले ही साल 9 मार्च को उधमपुर में ही उपायुक्त के कार्यालय के बाहर एक रेहड़ी पर हुआ था जिसमें दो की मौत हो गई थी। तब भी इस धमाके को गैस सिलेंडर का विस्फोट बताया गया था पर बाद में जांच से पता चला कि धमाकों के लिए स्टिकी बमों का इस्तेमाल किया गया था।

## दुनिया को जानें

### बाइडेन के जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने एक और सीक्रेट सर्विस एजेंट को काटा

**वाशिंगटन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन परिवार के दो वर्षीय जर्मन शेफर्ड कुत्ते 'कमांडर' ने एक और सीक्रेट सर्विस एजेंट को काट लिया है। बीबीसी के मुताबिक सीक्रेट सर्विस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कमांडर ने अधिकारी पर सोमवार रात को हमला किया और घटनास्थल पर ही अधिकारी का इलाज किया गया। यह 11वीं बार है जब कुत्ते ने व्हाइट हाउस या बाइडेन परिवार के घर पर किसी गार्ड को काटा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने पहले इन हमलों के लिए व्हाइट हाउस में रहने के कारण होने वाले तनाव को जिम्मेदार ठहराया था। प्रेस सचिव ने जुलाई में कहा था, जैसा कि आप सभी जानते हैं, व्हाइट हाउस परिसर अनोखा और बहुत तनावपूर्ण हो सकता है। मुझे यकीन है कि आप सभी इसे समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, यह अनोखा है और यह हम सभी के लिए तनावपूर्ण है। तो आप कल्पना कर सकते हैं कि परिवार के पालतू जानवर या परिवार के पालतू जानवरों के लिए यह कैसा होगा। कमांडर बाइडेन परिवार के दो जर्मन शेफर्ड में सबसे छोटा है।

# खेल जगत

## अंकिता रैना, सुमित नागल एकल क्वार्टर में हारे

**हांगझोउ,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना का 19वें एशियाई खेलों के महिला एकल में अभियान बुधवार को यहां जापान की हारुका काजी से हार के साथ समाप्त हो गया, जबकि पुरुष एकल में सुमित नागल का अभियान क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। 2018 संस्करण में कांस्य पदक जीतने वाली अंकिता को करीबी मुकाबले में हारुका से 6-3, 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। 30 वर्षीय भारतीय, दिन के अंत में युकी भांबरी के साथ फिलीपींस के खिलाफ मिश्रित युगल राउंड 3 मैच में भाग लेंगे। दूसरी ओर, पांचवीं वरीयता प्राप्त सुमित शीर्ष वरीय चीन के झांग झिझेन के खिलाफ 7-6(3) 1-6 2-6 से हार गए। पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीतने के बाद, भारतीय खिलाड़ी शेष मैच में झांग की तीव्रता का मुकाबला करने में विफल रहा।



# भारत ने दो स्वर्ण समेत सात पदकों पर लगाया निशाना



**हांगझोउ** 27 सितंबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों के चौथे दिन बुधवार को भारत ने निशानेबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीत लिये। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी को महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक मिला। इसके बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत की सिफ्ट कौर सामरा ने दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। सिफ्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 469.6 अंक का स्कोर करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो नया विश्व रिकॉर्ड है। सिफ्ट कौर सामरा ने नीलिंग में 154.6, प्रोन में 157.9 और स्टैंडिंग एलिमिनेशन में 157.1 का स्कोर बना कर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी में क्यूनग्यू झांग चीन को 7.3 अंकों के आसान अंतर से हराया।

भारत की कांस्य पदक विजेता आशी चौकसे रजत पदक जीतने की रेस में थीं, लेकिन उनके आखिरी शॉट में 8.9 से नीचे के स्कोर के कारण क्यूनग्यू झांग ने रजत पदक अपने नाम किया और उन्हे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। क्वालीफाइंग राउंड में, सिफ्ट कौर सामरा ने 594 (28) के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि आशी चौकसे 590 (24) के साथ छठे स्थान पर रहीं और मानिनी कौशिक 580 (28) के साथ 18वें स्थान पर रहीं। भारत की तिकड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में अपने क्युमुलेटिव स्कोर 1764 के दम पर टीम रजत पदक जीता। चीन (1773) और कोरिया गणराज्य (1756) ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम ने 1759 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन (1756) और दक्षिण कोरिया (1742) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर क्वालीफाइंग राउंड में 590 (28) के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने 586 (17) के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। रिदम सांगवान 583 (23) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। ज्ञातव्य है कि व्यक्तिगत स्पर्धा में एक देश से केवल दो ही निशानेबाज अंतिम आठ में पहुंच सकते हैं इसलिए रिदम सांगवान जगह बनाने से चूक गईं। ईशा सिंह ने अपनी शुरुआती सीरीज में केवल 2/5 स्कोर करने के बावजूद फाइनल में रजत पदक जीता। ईशा सिंह ने कुल 34/50 का स्कोर बनाया। वहीं, चीन की रुई लियू ने एशियाई खेलों के रिकॉर्ड 38/50 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया के जिन यांग ने 29/45 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर शानदार शुरुआत करने के बावजूद 21/35 के कुल स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वह सातवीं सीरीज के अंत में बाहर हो गईं। पुरुषों की स्कीट में, अनंतजीत सिंह नरूका ने 58/60 का प्रभावशाली स्कोर हासिल करते हुए रजत पदक जीता। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल्ला अल-रशीदी ने भारतीय निशानेबाज को हराने के लिए 60/60 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। कतर के नासिर अल-अत्तिया को 46/50 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। पुरुष टीम स्पर्धा में, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने मिलकर 355 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चीन ने 362 अंकों के साथ स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा किया और कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

अनंतजीत सिंह नरुका पांच राउंड में 121 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद छह सदस्यीय व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे। गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने 16वें और 17वें स्थान के लिए 117-117 अंक हासिल किए।

## अंतिम दौड़ रद्द होने से विष्णु स्वर्ण पदक से चूके, पुरुषों की डिंगी में कांस्य पदक मिला



**हांगझोउ,** 27 सितंबर (एजेंसिया)। पुरुषों की डिंगी-आईएलसीए7 वर्ग की 12वीं और अंतिम दौड़ रद्द होने की घोषणा से भारतीय नौकायन शिविर में निराशा फैल गई क्योंकि इससे ओलंपियन विष्णु सरवनन को 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया गया। इसके बजाय, विष्णु को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि उन्हें सिंगापुर और कोरिया गणराज्य के विरोधियों से आगे निकलने का मौका नहीं मिल सका। सरवनन सिंगापुर के स्वर्ण पदक विजेता जून हान रयान लो और कोरिया गणराज्य के रजत पदक विजेता जीमिन हा के बाद तीसरे स्थान पर रहे। निंगबो, जहां एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, के एक वरिष्ठ नौकायन संघ (वाईएआई) अधिकारी ने कहा, विष्णु को स्वर्ण पदक के लिए लड़ना था। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज हवा नहीं थी और दौड़ रद्द करनी पड़ी। विष्णु मंगलवार को 11वीं रेस जीतकर पदक की दौड़ में शामिल हो गए थे, जबकि उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी हांगकांग के एनबी बेंजी रेस पूरी नहीं कर पाए और उन्हें 14 अंकों की पेनल्टी दी गई।

विष्णु पुरुष लेजर वर्ग में एशियाई चैंपियन हैं, उन्होंने 2022 में अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्वर्ण पदक जीता था। यह एशियाई खेलों में उनका पहला पदक था। मंगलवार को नेहा ठाकुर (रजत) और इबाद अली (कांस्य) के बाद 19वें एशियाई खेलों में नौकायन में भारत का यह तीसरा पदक है। एशियाई खेलों में यह पहली बार था कि भारत ने आईएलसीए 7 और आरएसएक्स वर्ग में पदक जीते हैं।

निंगबो के एक समुद्री रिसॉर्ट में निंगबो जियांगशान सेलिंग सेंटर में 11वीं रेस में विष्णु की जीत से उनके कुल 48 अंक और 34 नेट अंक हो गए। और जब बुधवार को अंतिम दौड़ रद्द कर दी गई, तो विष्णु ने लो से आगे निकलने का मौका खो दिया, जो 32 कुल अंक और 26 नेट अंक के साथ पहले स्थान पर थे, और जीमिन हा, जिनके पास 42 कुल अंक और 33 नेट अंक थे। अच्छी दौड़ और थोड़ी किस्मत के साथ, विष्णु अपने दो प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल सकते थे और स्वर्ण पदक जीत सकते थे।

विष्णु ने 19वें एशियाई खेलों में शानदार शुरुआत की थी और पहली और तीसरी रेस जीती थी। वह छठी रेस में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन आठवीं रेस में उन्हें रिटायर होना पड़ा, जिससे उनकी प्रगति बाधित हुई। हालाँकि, 24 वर्षीय नाविक विष्णु, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक खेलों में पुरुष लेजर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और कुल मिलाकर 20वें स्थान पर थे, 10वीं दौड़ में दूसरे स्थान पर और 11वीं दौड़ में प्रथम स्थान पर रहकर जोरदार वापसी की और खुद को आगे रखा।

स्वर्ण पदक के लिए लड़ने के लिए एक बेहतरीन स्थिति, लेकिन दुर्भाग्य से मौसम की मार ने उनका दिन खराब कर दिया और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## जापान के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के लिये भारत ने कसी कमर



**हांगझाउ,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को रौंदने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल में गुरुवार को गत चैंपियन जापान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने पिछले हफ्ते अपने शुरुआती पूल ए मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया जबकि मंगलवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत अब तक की अपनी सबसे कठिन चुनौती के लिए कमर कस चुका है जब गुरुवार को उसका मुकाबला 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान से होगा।

सिंगापुर के खिलाफ चार गोल करने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम कल के मैच स्तर से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जापान के पास एक मजबूत इकाई है और हम उनकी ताकत और कमजोरियों से परिचित हैं। हमें अपनी खेल शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए मैदान पर जरूरत पड़ने पर रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा।

जापान भी खेलों में अब तक अजेय रहा है, उसने अपने पहले पूल ए मैच में बांग्लादेश को 7-2 से हराया और उसके बाद अपने दूसरे गेम में उज्बेकिस्तान पर 10-1 से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने कहा, जापान की टीम में बहुत सारे गोलस्कोरर हैं। इसलिए उनकी आक्रामक गतिविधियों से निपटने के लिए हमारी रक्षा पंक्ति को मजबूत होने की जरूरत है ताकि हम समय रहते अंतरालों को पाट सकें और उन्हें लय हासिल करने का मौका न दें। यह एक दिलचस्प प्रतियोगिता होगी और हम सभी इसके लिए तैयार हैं।

जापान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत पिछले महीने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। भारत ने इसी टूर्नामेंट में पूल मैच में जापान के खिलाफ भी 1-1 से ड्रा खेला। 2013 के बाद से दोनों टीमें 26 बार आमने-सामने हुई हैं, जिसमें भारत ने 21 बार जीत हासिल की है, जापान ने तीन बार जीत हासिल की है और दो गेम ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, हमने हाल ही में जापान के खिलाफ खेला है, जिससे हमें मैच से पहले आत्मविश्वास मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि यह एक करीबी मुकाबला होगा। अगर हम मैदान पर सही निर्णय लेते हैं, तो हमें खेल से सकारात्मक परिणाम मिलेगा। भारतीय टीम का जापान से मुकाबला गुरुवार, 28 सितंबर को शाम सवा छह बजे होगा।

## हमें सही रणनीतियों पर टिके रहना चाहिए: सुनील छेत्री



**होंगझोउ** , 27 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में सउदी अरब के साथ भारत के राउंड-16 मुकाबले की पूर्व संध्या पर, राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि वह उन समस्याओं से अवगत हैं जिनका सामना टीम कर रही है। वह सऊदी अरब के खिलाफ भारत के निराशाजनक ट्रैक रिकॉर्ड और पश्चिम एशियाई पक्ष की वर्तमान ताकत से भी अवगत हैं।

हालाँकि, यह उन्हें गुरुवार को हुआंगलोंग स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले जाने वाले राउंड ऑफ़ 16 मुकाबले पर अपना ध्यान केंद्रित रखने से शायद ही रोक सके।

कप्तान का मानना है कि अगर भारत सही रणनीतियों पर कायम रह सकता है और अगर उसके युवा साथी एकजुट इकाई के रूप में खेलना जारी रखते हैं जैसा कि उन्होंने पहले तीन मुकाबलों में किया था, तो प्री-क्वार्टर फाइनल की लड़ाई रोमांचक हो सकती है। छेत्री ने कहा, हमारे कोच (इगोर स्टिमैक) ने हमें सऊदी खेलों के बहुत सारे क्लिप दिखाए, न केवल वे जो उन्होंने यहां खेले, बल्कि हाल के दिनों के उनके कुछ मैच भी दिखाए। उन्होंने विभिन्न तरीकों के बारे में बात की जिसमें हमें बाहर जाकर खुद को लागू करना चाहिए। अंकित मूल्य पर, वे कई अच्छे खिलाड़ियों के साथ एक बहुत अच्छी टीम हैं ।

एशिया का पांचवां सबसे बड़ा देश और फीफा रैंकिंग में 57वें स्थान पर रहने वाला सऊदी अरब, 102वें स्थान पर मौजूद भारत के खिलाफ हमेशा भारी रहा है, जिसने पांच मुकाबलों में 18 गोल किए हैं, जबकि भारत केवल दो ही गोल कर सका। एशियाई खेलों में दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला दिल्ली में 1982 एशियाड के क्वार्टर फाइनल में सऊदी अरब की एकमात्र गोल की जीत में समाप्त हुआ था। छेत्री ने टीम के भीतर एकता और एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एकजुट इकाई के रूप में एक साथ काम करने के महत्व पर जोर दिया।


और इसीलिए कोच का जोर बहुत सरल है- हम एक इकाई के रूप में मैच में जाते हैं और उन स्थितियों से बचते हैं जहां उन्हें एक बनाम एक मिलता है; यह प्रमुख युक्तियों में से एक है। हमने बहुत सारी कतरनें, बहुत सारी संरचनाएँ और विभिन्न चीज़ें देखीं जिन्हें कोच आज़माना चाहता है। उनके पास यह देखने के लिए एक और दिन भी है कि लड़के पांच दिनों में तीन गेम खेलने के बाद कैसे उबरते हैं। अब तक का अनुभव काफी कठिन रहा है। लेकिन अब जब हमने (16वें राउंड के लिए) क्वालीफाई कर लिया है, तो यह भी फायदेमंद है। लेकिन मुझे यह स्वीकार करना होगा, यह उतना आसान नहीं था जितना यह था... लेकिन जो हो गया वह हो गया और अब हम अपना सारा ध्यान और एकाग्रता सऊदी मैच पर केंद्रित कर रहे हैं।

टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं और छेत्री ने उनकी क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा, टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें शायद इस तरह के टूर्नामेंट के माहौल का स्वाद नहीं मिला।

## बायर्न म्यूनिख ने प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से दी मात

**बर्लिन,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख ने तीसरे डिवीजन की टीम प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से हराकर जर्मन कप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। जर्मन दिग्गजों ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बायर्न ने लगातार प्रीसेन मुंस्टर के खिलाफ दबाव बनाया और 4-0 से जीत हासिल की। मुंस्टर के कोच साशा हिल्डमैन ने कहा, एक कोच के रूप में आप स्पष्ट रूप से गेम हारना पसंद नहीं करते। लड़कों ने मेहनत की। मैं अपनी टीम को स्कोर करते हुए देखना पसंद करता लेकिन मुझे अभी भी गर्व है। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा, हमने मैच को गंभीरता से लिया और जवाबी हमले की अनुमति नहीं दी। हम 90 मिनट तक सतर्क रहे और पहले हाफ में तीन गोल करके मैच को अपने पक्ष में किया। हालांकि, दूसरा हाफ कठिन था क्योंकि प्रतिस्थापनों ने मुश्किलें पैदा की।

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, मलिंगा बने गेंदबाजी कोच



**केप टाउन,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था।

श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। .

पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरुआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमशः मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे।

एमआई केप टाउन ने अगले सीज़न से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, सैम करेन, कैगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस के साथ राशिद खान भी चार खिलाड़ियों में शामिल हैं।

## संगीता की हैट्रिक व नवनीत कौर के दो गोल से भारतीय महिला हॉकी का सिंगापुर पर बड़ी जीत के साथ आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 27 सितंबर (देशबन्धु)। नौजवान स्ट्राइकर संगीता कुमारी की हैट्रिक तथा आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज भारत की महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर का हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में बृहस्पतिवार को पूल ए में तेज गर्मी में खेले मैच में अपने सभी प्रयोग करते हुए 13-0 से जोरदार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। संगीता (23 वें, 47 वें और 56 वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए जबकि एक गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। वहीं नवनीत (14 वें मिनट, एक मैदानी और एक पेनल्टी कॉर्नर पर)दागा। संगीता और नवनीत सहित भारत की महिला हॉकी के लिए दस अलग-अलग खिलाड़ियों का - उदिता(छठे मिनट), सुशीला चानू (8 वें मिनट), दीप ग्रेस एक्का(17वें मिनट), नेहा गोयल (19वें मिनट), सलीमा टेटे(35 वें मिनट) मोनिका(52 वें मिनट) और वंदना कटारिया(56 वें) एक-एक गोल करना बेहद सुखद रहा है। भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए जबकि सुशीला चानू ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत ने तूफानी अंदाज में आगाज कर पहले ही क्वार्टर में 5-0 की बढ़त ले ली थी और दूसरे क्वार्टर में तीन और गोल कर हाफ टाइम तक 8-0 की बढ़त ले ली थी

■ **भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर किए**



सिंगापुर ने तीसरे क्वॉर्टर में गोलरक्षक सहित अपनी सभी 11 खिलाड़ी भारत के हमलों को रोकने के लिए लगा दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अकेली सलीमा टेटे ही एक मैदानी गोल कर पाई। भारत ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में चार मैदानी गोल कर मैच 13-0 से जीत लिया। भारत की चीफ कोच ने खिलाडियों को तेज उमस और गर्मी में अगले मैचों के लिए अपनी ताकत बचाए रखने के मकसद से बहुत समझदारी से अपनी खिलाडियों का इस्तेमाल किया और अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को आखिरी क्वॉर्टर में उतारी कर अपनी नौजवान स्ट्राइकरों दीपिका, संगीता को ललरेमसियामी के मिल कर आगे बढ़ कर सिंगापुर के गोल पर हमलों की रणनीति अपनाई। अपनी ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के बाहर रहने पर भारत की चीफ कोच शॉपमैन की इनडायरेक्ट गोल करने के लिए नेहा गोयल, मोनिका, नवनीत और उदिता को पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका देना बहुत कारगर रहा।

मोनिका, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका जैसी भारत की स्ट्राइकरों ने परस्पर तालमेल से खेलते हुए से खेलते हुए हांगजू (चीन) में सिंगापुर के खिलाफ एशियाई खेलों में महिला हॉकी के पूल में ऐसा दबाव बनाया कि उसके किले को बिखेरते देर नहीं लगी। भारत की अग्रिम पंक्ति ने अपनी मध्य पंक्ति में सलीमा टेटे, नवजोत कौर और नेहा गोयल द्वारा ने शुरू के दो क्वॉर्टर में खासतौर पर पेनल्टी कॉर्नर बनाए और शुरू के दो क्वॉर्टर में छह को गोल मे बदला ही एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर और एक मैदानी गोल किया। मोनि को भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने डिफेसिंव मिडफील्डर को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खिलाकर सभी को चौंका दिया।

## सार संक्षेप

### विश्व चैंपियन धावक डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास

**द हेग।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है। ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 215 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 2 मीटर में स्वर्ण और 1 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 2 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 1 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 216 के रियो ओलंपिक खेलों में 2 मीटर में रजत पदक जीता था। शिपर्स के पास अभी भी 215 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 2 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 224 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया।

### दीपेंद्र सिंह ने तोड़ा युवराज का 16 साल पुराना रिकॉर्ड, 9 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

**हांगझोऊ।** नेपाल क्रिकेट टीम ने चीन में जारी एशियन गेम्स में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। इस टीम के खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। क्रिकेट में बुधवार को मंगोलिया और नेपाल की टक्कर थी। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 ओवरों में तीन विकेट खोकर 314 रन बनाए। ये टी2 में सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में दीपेंद्र ने मंगोलिया के खिलाफ सिर्फ 1 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उनकी रिकॉर्ड पारी आठ छक्कों से सजी थी। टीम के एक अन्य बल्लेबाज कुशाल मल्ला, जिन्होंने 5 गेंदों में 137 रन बनाए और सबसे तेज टी2 शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने केवल 34 गेंदों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा (35 गेंद) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। इस विशाल लक्ष्य के जवाब में मंगोलिया 13.1 ओवर में 41 रन पर ढेर हो गई और नेपाल ने 273 रन से जीत दर्ज की, जो टी2 अंतर्राष्ट्रीय में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले नेपाली बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज के लगभग 16 वर्षों तक टी2 क्रिकेट में सबसे तेज 5 रन का रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर**

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 1.70 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.51 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.44 प्रतिशत |
| मारुति | 1.42 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.18 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 1.24 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.81 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.68 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.57 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.54 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## बासमती पर न्यूनतम निर्यात मूल्य घटाने की तैयारी में सरकार



**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) के अध्यक्ष डॉ. प्रेम गर्ग ने कहा है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती चावल के निर्यात पर न्यूतम निर्यात मूल्य (एमईपी) घटाने का आश्वासन दिया है। डॉ गर्ग ने बासमती चावल पर एमईपी को बढ़ाए जाने के कारण निर्यातकों की परेशानी को वाणिज्य मंत्रालय के सामने एक बैठक में उठाया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि एमईपी बढ़ाने से ईराक और ईरान जैसे बाजारों में पहले से सस्ती दर के बासमती का निर्यात करने वाले निर्यातकों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है ।

डॉ गर्ग ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि श्री गोयल ने चावल निर्यातक समुदाय की ओर से रखी गयी उनकी बात को गौर से सुना और बासमती पर एमईपी 850 डालर प्रति टन (एफओबी) तक घटाने की मांग पर आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व दुनिया के बाजारों में चावल की कीमतों में तेजी को देखते हुए सरकार ने गैर बसमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी। इसके अलावा सस्ते किस्म के बामती के निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए यह अधिसूचना भी जारी कर दी कि 1200 डालर प्रति टन (एफओबी) से कम मूल्य पर बासमती का निर्यात नहीं किया जा सकता।

डॉ गर्ग का कहना है कि बासमती पर 1200 डालर/टन का एमईपी लागू किए जाने से ऐसे निर्यातकों के कारोबार पर बहुत बुरा असर पड़ा है जो पहले से ही 850-1000 डॉलर/टन की दर पर ईरान, इराक और कुछ अन्य देशों में निर्यात कर रहे थे। भारतीय चावल निर्यात ने इस मुद्दे पर सरकार और एपेडा से बातचीत करने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में गोयल, एपेडा अध्यक्ष - अभिषेक देव, अतिरिक्त सचिव - राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चावल निर्यातक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बासमती पर एमईपी घटाए जाने पर भारत फिर से पिछले वर्ष के आदेश के अनुसार बड़ी मात्रा में निर्यात कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था और किसानों को उनकी आने वाली फसल के लिए बेहतर मूल्य मिलेगा।

## फंडिंग खबरों के बीच डंज़ो ने की 15े -2े और कर्मचारियों की छंटनी

- प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना फुल एंड फाइनल सेटलमेंट्स प्राप्त होगा
- स्टार्टअप ने इस साल अब तक दो जॉब कट राउंड में लगभग 400 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है




**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। क्विक-ग्रोसरी डिलीवरी प्रोवाइडर डंज़ो गंभीर नकदी संकट के बीच कथित तौर पर 150-200 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। कई रिपोर्टों के अनुसार, डंज़ो अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 30-40 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है।

कंपनी ने कथित तौर पर प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना फुल एंड फाइनल सेटलमेंट्स प्राप्त होगा। एक बैठक में कर्मचारियों को आधिकारिक तौर पर ताजा छंटनी की जानकारी दी गई। स्टार्टअप ने इस साल अब तक दो जॉब कट राउंड में लगभग 400 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस महीने की शुरुआत में, फंड की कमी के कारण डंजो ने अपने कर्मचारियों के जून और जुलाई के वेतन में इस बार नवंबर तक की देरी कर दी। इसके सह-संस्थापक और सीईओ कबीर बिस्वास के अनुसार, स्टार्टअप लागत में कटौती के लिए बेंगलुरु में अपना कार्यालय भी खाली कर सकता है। बिस्वास ने कथित तौर पर कर्मचारियों से कहा कि उनका जून और जुलाई का लंबित भुगतान अब नवंबर में कर दिया जाएगा।

धन जुटाने में असमर्थ होने के कारण डंज़ो ने पहले वेतन को अक्टूबर के पहले सप्ताह तक विलंबित कर दिया था। कंपनी ने अब तक लगभग 500 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, 2022 की शुरुआत से लगभग 300 मिलियन डॉलर आ रहे हैं।

## कामधेनु लिमिटेड ने दिल्ली और हरियाणा के डीलरों किया सम्मानित

नई दिल्ली, 27 सितंबर (देशबन्धु)। खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड सरिया निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने कारोबार विस्तार में सहयोग करने वाले डीलरों को सम्मानित किया। अमृतसर में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली और हरियाणा के डीलरों को कंपनी के निदेशक सचिन अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी राजीव शर्मा ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान, उत्पाद परिचय, नए विपणन और व्यावसायिक रणनीतियों, प्रचार अभियान, ब्रांड जागरूकता अभियान और बिक्री बढ़ाने के लिए अनूठी तकनीकों पर चर्चा भी की गई। इसके साथ वित्तीय वर्ष के लिए सभी डीलरों को बिक्री लक्ष्य को भी अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर सचिन अग्रवाल ने कहा कि कामधेनु परिवार के अभिन्न सदस्यों के रूप में हमारे सम्मानित चैनल भागीदारों और डीलरों की महत्वपूर्ण उपस्थिति को कम करके आंका नहीं जा सकता है। हम उनके असाधारण प्रदर्शन का बहुत सम्मान करते हैं, और यह कार्यक्रम हमारी वास्तविक कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका हमें प्रदान करता है। इसके अलावा, यह हमें अधिक व्यक्तिगत बंधन स्थापित करने, उनकी जरूरतों के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त करने और मजबूत सहयोग को बढ़ावा देने की सुविधा देता है। यह खुशी और उत्सव का क्षण है, हमारे विस्तारित परिवार को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान और सराहना करने का समय है, उन्हें कंपनी की सेवा में और भी अधिक सफलता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती हैं।

## 2े23 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल बढ़कर हुआ 26 प्रतिशत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारतीय कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं की संख?या में बढ़ोत्तरी आई है। 2023 में महिला कार्यबल बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया। यह 2021 में 21 प्रतिशत था। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जहां उच्चतम और निम्नतम महिला उपस्थिति वाले उद्योगों के बीच महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 38 प्रतिशत का अंतर है। इससे पता चलता है कि महिलाएं कम महिला प्रतिनिधित्व वाले उद्योगों में भी काम कर रही है। इसके अलावा, लगभग आठ प्रतिशत भारतीय सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) महिलाएं हैं, जिनमें से 32 प्रतिशत महिलाएं वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर हैं, जिनके संगठनों में महिला



साथियों की कमी है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की सीईओ यशस्विनी रामास्वामी ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसके परिणामस्वरूप 89 प्रतिशत महिलाएं अपनी भूमिकाओं से मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।

उन्होंने कहा, यह 2021 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में प्रभावशाली 26 प्रतिशत हो गई है, जिसमें सबसे अच्छे कार्यस्थल अपने समकक्षों की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक महिलाओं को रोजगार देकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा और प्रशिक्षण और गैर-लाभकारी और चैरिटी आर्गेनाइजेशन जैसे क्षेत्र, क्रमशः 45 प्रतिशत और 47 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व के साथ बढ़े हुए विश्वास स्तर को प्रदर्शित करते हैं। जबकि, परिवहन, विनिर्माण और उत्पादन जैसे उद्योग, 13 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की कम लिंग विविधता के साथ, अभी भी कर्मचारियों के बीच मध्यम से उच्च विश्वास स्तर हासिल करने का प्रबंधन करते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि सभी के लिए अनुभव को प्राथमिकता देने वाले संगठनों में पेशेवर और नेतृत्व विकास के साथ-साथ निर्णय लेने में कर्मचारियों की भागीदारी 14 प्रतिशत बढ़ी है।

### सार संक्षेप

#### कोटक म्यूचुअल फंड का सीखो पैसे की भाषा अभियान

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी)/कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के साथ साझेदारी में एक निवेशक शिक्षा और जागरूकता संबंधी पहल सीखो पैसे की भाषा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह पहल भारत में शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिक्षा और जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रंखला आयोजित करके वित्तीय साक्षरता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य लगभग 75े शिक्षकों को शिक्षित करना और उनमें जागरूकता पैदा करना है, ताकि उन्हें सशक्त बनाया जा सके तथा उनकी वित्तीय समझ के विकास को बढ़ावा दिया जा सके, जिससे अंततः संभावित प्रगतिशील भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान करने में भी मदद मिल सकती है।इस पहल के तहत अक्टूबर तक 1े वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। %सीखो पैसे की भाषा% पहल वित्तीय रूप से सजग नागरिकों की एक पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। कार्यक्रम 1े से अधिक स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले हैं, जिससे पूरे देश में शिक्षकों के लिए व्यापक पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित होगी।


#### होंडा एक्टिवा का लिमिटेड एडिशन लॉंच

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज एक्टिवा लिमिटेड एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 8,734 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नये स्कूटर के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी हैं और यह सीमित अवधि के लिए देश भर में होंडा की सभी रैडविंग डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। नए दौर के युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया एक्टिवा लिमिटेड एडीशन दो आकर्षक कलर शेड्स मैट स्टील ब्लैक मैटेलिक और पर्ल साइरेन ब्लू में उपलब्ध है। राइडर की सुविधा को बढ़ाने के लिए डीएलएक्स वेरिएन्ट में एलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जबकि टॉप-स्पेक वेरिएन्ट में स्मार्ट की दी गई है।

#### बैंक कर्मचारी 4 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच 13 दिन की हड़ताल करेंगे

**चेन्नई।** बैंकिंग क्षेत्र के सबसे बड़े कर्मचारी संघ, ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर 4 दिसंबर से 2 जनवरी 2े24 के बीच देश भर में श्रृंखलाबद्ध हड़ताल का आह्वान किया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा, सरकार और बैंकों की ओर से बैंकों में क्लेरिकल और अधीनस्थ कैडर्स में कर्मचारियों की संख्या कम करने और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। विचार बिल्कुल स्पष्ट है कि वे कम वर्कर चाहते हैं जो औद्योगिक विवाद अधिनियम द्वारा शासित हों। इसी तरह हमने यह भी पाया है कि हमारे द्विपक्षीय समझौते के अनुसार वेतन के भुगतान से बचने के लिए बैंकों में नियमित और स्थायी नौकरियों को अनुबंध के आधार पर आउटसोर्स करने का एक वंचित प्रयास किया जा रहा है।

## शेयर बाजार गुलजार




**मुंबई** 27 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.22 अंक की तेजी लेकर 66118.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19716.45 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,309.87 अंक और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत उछलकर 37,476.71 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3799 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2008 में तेजी जबकि 1640 में गिरावट रही वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में लिवाली जबकि 17 में बिकवाली हुई। बीएसई के सोलह समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.11, सीडी 0.12, ऊर्जा 0.33, एफएमसीजी 0.77, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 1.13, इंडस्ट्रियल्स 0.97, आईटी 0.48, दूरसंचार 0.77, यूटिलिटीज 0.08, कैपिटल गुड्स 1.14, धातु 0.14, पावर 0.17, रियल्टी 0.70, टेक 0.43 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.27 प्रतिशत की तेजी रही।

एशियाई बाजारों में तेजी जबकि यूरोपीय बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 और जर्मनी का डैक्स 0.10 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 20 अंक फिसलकर 65,925.64 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,549.96 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,172.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,945.47 अंक के मुकाबले 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,118.69 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 28 अंक उतरकर 19,637.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,554.00 अंक के निचले जबकि 19,730.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 19,664.70 अंक की तुलना में 0.26 प्रतिशत उछलकर 19,716.45 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 20 कंपनियों में एलटी ने सबसे अधिक 1.70 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही आईटीसी 1.51, सन फार्मा 1.44, मारुति 1.42, रिलायंस 1.18, एक्सिस बैंक 1.17, भारती एयरटेल 0.82, विप्रो 0.69, इंफोसिस 0.51, टेक महिंद्रा 0.49, टीसीएस 0.13, टाटा मोटर्स 0.10, एचसीएल टेक 0.08 और जेएसडब्ल्यूएस के शेयर 0.04 प्रतिशत तक मजबूत रहे। वहीं, टाइटन 1.24, एसबीआई 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.68, आईसीआईसीआई बैंक 0.57, टाटा स्टील 0.54, नेस्ले इंडिया 0.42, बजाज फाइनेंस 0.41, एनटीपीसी 0.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.33 और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही।

## गिफ्ट निफ्टी में कल हुआ 15.25 अरब डॉलर का रिकार्ड कारोबार



**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय इक्विटी बाजार की विकास की कहानी के लिए एक नए बेंचमार्क के रूप में उभरे गिफ्ट निफ्टी ने एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है और व्यापारिक गतिविधियों के मामले में एक नयी उपलब्धि हासिल की है।

गिफ्ट निफ्टी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 26 सितंबर, 2े23 को गिफ्ट निफ्टी 15.25 अरब डॉलर (1,26,93 करोड़ रुपए के बराबर) के टर्नओवर के साथ 3,86,35 कॉन्ट्रैक्ट्स की एक दिन की ट्रेडिंग गतिविधि के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गिफ्ट निफ्टी ने एक महीने में अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जब टर्नओवर 29 अगस्त, 2े23 को 12.98 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था।

गत 3 जुलाई को गिफ्ट निफ्टी के पूर्ण पैमाने पर संचालन की शुरुआत के बाद से एनएसई आईएक्स पर ट्रेडिंग टर्नओवर तेजी से बढ़ रहा है। पूर्ण पैमाने के संचालन के पहले दिन से, गिफ्ट निफ्टी में अनुबंधों की कुल संख्या 45.9 लाख से अधिक दर्ज की गई है। कुल संचयी कारोबार 178.54 अरब डॉलर रहा।

## सोया रिफाइंड सस्ता

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड तेल सस्ता हो गया जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 66 रिंगिट उबलकर 3684 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 सेंट की तेजी के साथ 58.14 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सोया रिफाइंड में 146 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6350-6450, दाल चना 7350-7450, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## भारत से मोबाइल फोन निर्यात 45,000 करोड़ रुपये के पार, एप्पल सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए, भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) के मोबाइल फोन निर्यात किए। आईएएनएस को मिले वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात हुए, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में 3 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। उद्योग सूत्रों के अनुसार अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत निर्मित फोन निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा और पहली बार कुल अनुमानित आंकड़े के 50 प्रतिशत से अधिक को पार कर सैमसंग दूसरे स्थान पर रहा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि जून तिमाही में, एप्पल ने देश के कुल 12 मिलियन स्मार्टफोन शिपमेंट में से लगभग 50 प्रतिशत निर्यात किया, जबकि सैमसंग ने 45 प्रतिशत निर्यात किया। यह पहली बार है जब एप्पल ने देश से



स्मार्टफोन निर्यात मात्रा में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसमें आईफोन 15 सीरीज की मजबूत बिक्री और मांग देखी गई जो पिछले साल की तुलना में 100 प्रतिशत (या 2 गुना) से अधिक थी। भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है, जिसमें एप्पल वित्त वर्ष 24 में 50 प्रतिशत से अधिक के साथ बाजार में अग्रणी रहेगा।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घरेलू विनिर्माण से प्रेरित, एप्पल आईफोन इस साल एंड्रॉइड-प्रभुत्व वाले स्मार्टफोन बाजार में 7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भी तैयार है। देश में इस साल की पहली छमाही में एप्पल आईफोन शिपमेंट में 68 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई।

मार्केट रिसर्च फर्म साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, पहली छमाही में एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की और 63 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच) पर अपना दबदबा बनाया। पहली बार एप्पल ने अपनी वैश्विक बिक्री के पहले दिन भारत निर्मित आईफोन 15 और 15 प्लस बेचे, साथ ही उन इकाइयों को कुछ अन्य बाजारों में भी निर्यात किया। ऐसा अनुमान है कि लॉन्च तिमाही में आईफोन 15 की शिपमेंट, जो भारत में बड़े पैमाने पर त्योहारी सीजन की शुरुआत करती है, मेक इन इंडिया पहल में वृद्धि के कारण लगभग 65 प्रतिशत रहेगी।

# छात्रावासों में निवासरत बच्चों के हम अभिभावक- कुलपति

**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने दिनांक 27 सितंबर, 2023 को सुबह 8 बजे तीनों बालिका छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. चक्रवाल के साथ उनकी धर्मपत्नी सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे तथा विश्वविदयालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि बालक तथा बालिका छात्रावासों में निवासरत प्रत्येक बच्चा हमारे विश्वविद्यालय परिवार का सदस्य है और हम उनके अभिभावक हैं। विश्वविद्यालय परिवार का हर सदस्य पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कुछ छात्राओं की स्वास्थ्यगत परेशानियों के विषय में जानकारी प्राप्त हुई थी जिसे ध्यान में रखते हुए छात्रावासों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने तीनों बालिका छात्रावास में निवासरत छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार उपचार हेतु विश्वविद्यालय के चिकित्सक डॉ. सर्वेश गौराहा तथा पूर्व चिकित्सक डॉ. एन. मंडल को चिकित्सा शिविर आयोजित करने का निर्देश भी दिया था। जिसके फलस्वरूप सुबह 7.30 बजे से दोनों चिकित्सकों ने तीनों छात्रावासों में शिविर लगाकर छात्राओं के स्वास्थ्य का चेकअप किया। जिसमें लगभग सभी छात्राओं ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। कुलपति एवं अन्य सदस्यों द्वारा किचन, कॉमन एरिया तथा सुबह मिलने वाले नाश्ते का निरीक्षण कर यांत्रिकी विभाग, भंडार शाखा, हाउस कीपिंग एवं हॉस्टल वॉर्ड्न को आवश्यक निर्देश प्रदान किये जिससे सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. रेणु भट्ट एडमिन वॉर्डन एवं बालिका छात्रावासों के वॉर्डन मौजूद थे। इससे पूर्व कुलपति के निर्देश पर सुबह 6 बजे सिम्स में छात्राओं के कुशलक्षेम की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रभारी सुरक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित, प्रो. रेणु भट्ट एडमिन वॉर्डन तथा अन्य वॉर्डन अस्पताल का दौरा कर चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई।

## कांग्रेस भवन में सेक्टर अध्यक्षों को दी ट्रेनिंग

**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। आज कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ट्रेनर समीर सिंह चौहान ने सेक्टर अध्यक्षो को ट्रेनिंग दी । समीर सिंह चौहान ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी बहुत गम्भीर है ,इसलिए लगातार कार्यक्रमो और ट्रैनिंग के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओ को बूथ प्रबन्धन और सरकार की उपलब्धियो बताया जा रहा है ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस कनेक्ट सेंटर स्थापित किया गया है ,जहां एक्सपर्ट बैठे हुए है। जिनके पास 5-5 विधान सभाओं का प्रभार है ,जहां से एक सप्ताह के लिए कार्यक्रम दिया जाएगा ,जिसे सेक्टर अध्यक्ष अपने अपने सेक्टर में एक सप्ताह में क्रियान्वित करेंगे और उसकी पूरी रिपोर्ट सेंटर को भेजेंगे , जो सेक्टर अध्यक्ष का काम श्रेष्ठ होगा उन्हें सम्मानित किया जाएगा ,साथ ही प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी जनता तक पहुंचना है ,क्योंकि सरकार ने अपनी घोषणा पत्र से अधिक योजनाओ को संचालित कर रही है जो समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है । शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 44 सेक्टर है ,जिसमे बिलासपुर विधान सभा मे 38 सेक्टर, बेलतरा विधान सभा के 5 सेक्टर और बिल्हा विधानसभा के 01 सेक्टर शामिल है ,शहर कांग्रेस कमेटी ने सभी सेक्टरों का गठन कर चुका है ,और सभी सेक्टर अध्यक्ष अपने अपने सेक्टर में लगातार काम कर रहे है । कार्यक्रम में ट्रेनर समीर सिंह चौहान,शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,शहर प्रवक्ता ऋषि पांडेय,ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेमन, अविन्द शुक्ला, विनोद साहू, मोती ठारवानी, पार्षद भरत कश्यप, सुभाष ठाकुर, बजरंग बंजारे,शिवा मुदलियार,अखिलेश बाजपेई,मनोज सिंह,भरत निर्मलकर,शशि पड़वार, पुष्पेंद्र मिश्रा, कमल गुप्ता,संजय यादव,अनिल घोरे, आरिफ खान,दीपांशु श्रीवास्तव,सैय्यद इमरान,रोहिणी दुबे, अनिल घोरे,जागेश्वर रजक, साकेत मिश्रा, कैलाश तिवारी,राज बंजारे,कमलेश दुबे,सुरेन्द्र तिवारी,अजित सिंह,विकास सिंह,भरत जुर्यनी,राज कुमार यादव, मनोज सिंह,राजेश ताम्रकार, पुनाराम यादव,लक्ष्मी जांगड़े,अजीम खान,विक्की,आदि उपस्थित थे ।

## सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए प्राक्रयन परीक्षा 1 अक्टूबर को

**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। राजीव युवा उत्थान योजना के तहत सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों के चयन हेतु प्राक्रयन परीक्षा 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक रायपुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई है। परीक्षा की तिथि, समय, रोल नंबर तथा प्रवेश-पत्र से उक्त जानकारी का अवलोकन बिलासपुर जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है।सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर ने बताया कि परीक्षा हेतु पात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभागीय वेबसाईट से परीक्षा केंद्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ फोटो युक्त प्रवेश-पत्र डाऊनलोड कर निर्धारित परीक्षा केंद्र में ले जाना होगा। प्रश्न पत्र संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन एवं द्वितीय प्रश्न पत्र एप्टिट्यूड टेस्ट सीसेट हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम से सम्मिलित कर एक प्रश्न पत्र प्राक्रयन परीक्षा में प्रदान किया जाएगा।

## भगत सिंह युवाओं के प्रेरणास्तोत्र थे-विजय

### कांग्रेस भवन में भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा आज कांग्रेस भवन में शहीद ए आजम भगत सिंह जी कि जयन्ती मनाई गई ,उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।




शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि क्रांतिकारी मानते थे ,कि अनुनय विनय से आज़ादी नही मिल सकती ,उसके लिए क्रांति के माध्यम ही कारगर है ,और असहयोग आंदोलन के वापस लेने के बाद युवाओ ने क्रांति का मार्ग को आत्मसात कर लिए ,जिसमे रामप्रसाद बिस्मिल, चन्द्रशेखर आज़ाद, राजगुरु, सुखदेव, सहित बंगाल के युवाओं ने बढ़चढ़ कर क्रांतिकारी हुए ,खुदीराम बोस ,प्रफुल चाकी आदि भगत सिंह जी युवाओ के प्रेरणा स्रोत थे कम समय मे बड़ी बड़ी घटनाओं को अंजाम दिए ,असमेबली में बम कांड के बाद भगत सिंह अपने साथी सुखदेव और राजगुरु के साथ गिरफ्तार हुए , और उन्हें फांसी देदी गई । जफर अली , हरीश तिवारी ने कहा भगत सिंह के बाल सुलभ नव चेतना में अंग्रेजो की बर्बरता का गहरा प्रभाव पड़ा, और उन्होंने अंग्रेजो के अत्याचार से भारत की गरीब जनता को मुक्त करने के लिए क्रांतिकारी बन गया ,भगत सिंह जी का अल्पायु में निधन राष्ट्र की बड़ी क्षति थी ,नही तो परिणाम कुछ और होता । कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, विनोद साहू,सुभाष ठाकुर,ब्रजेश साहू, चन्द्रशेखर मिश्रा, राजेश शर्मा, राजेश ताम्रकार,मनोज सिंह,कमल गुप्ता, अफ़रोज़ बेगम, सावित्री सोनी , वीरेंद्र सारथी, आदि उपस्थित थे ।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाया तीज मिलन



बिलासपुर, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर ईकाई बिलासपुर की सामाजिक महिलाओं द्वारा तीज मिलन उत्सव का आयोजन रायपुर रोड स्थित रामा वर्ल्ड कॉलोनी में श्रीमती सीमा कश्यप के निवास में रखा गया था। छत्तीसगढ़ की बेटियों का पारंपरिक त्यौहार तीजा-पोला को खुरमी, ठेठरी, तिरकूर जैसे व्यंजन के साथ गनपति वंदन, शिव भजन, सुआ नृत्य के साथ एकल नृत्य भी प्रस्तुत किए गये। साथ में तत्कालिक खेल और पारंपरिक खेल गोटा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोटा प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति वर्मा, सरिता नायक तथा द्वितीय उषा वर्मा एवं मनीषा नायक रही। तात्कालिक खेल में रानू चंद्रवंशी ने बाजी मारी।

कार्यक्रम के अंत में सभी तीजाहरिनों को सुहाग चिन्ह भेंट किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती उषा वर्मा (अध्यक्ष), सीमा कश्यप, राधा, मधु, मिथलेश, ज्योति वर्मा, जया चंद्रवंशी, आशा, अर्चना, शकुंतला, राधा वर्मा, रानू चंद्रवंशी, माधुरी, सतरूपा वर्मा, मनीषा, सरिता नायक, पुष्पा, निर्मला, मोनिका, रानी एवं संगीता वर्मा उपस्थिति सराहनीय रही।

## डीपी कॉलेज के तीन प्रोफेसर ने लिया नेत्रदान का संकल्प


**बिलासपुर**, 27 सिंतबर (देशबन्धु)। डीपी कॉलेज के तीन प्रोफेसर एवम् एक स्वंयसेवक द्वारा नेत्र दान सक्षम संस्था के द्वारा डी पी विप्र महाविद्यालय के प्रो .डॉक्टर एम. एस.तंबोली/ डॉक्टर किरण दुबे/प्रो. यूपेश कुमार/वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहित साहू द्वारा नेत्रदान करने का संकल्प लिया। जीते जी रक्तदान जाते जाते नेत्रदान। को चरितार्थ करते हुए विगत दिनों पूर्व कार्यक्रम अधिकारी रेखा गुल्ला के संस्था के माध्यम से डी पी विप्र कॉलेज के डॉक्टर एम एस तंबोली/डॉक्टर किरण दुबे/ प्रो यूपेश कुमार/मोहित साहू इन चारो से संकल्प पत्र भरवाया। नेत्र दान के प्रति लोगों में जो भ्रांतियां थी उन पर आपने सा विस्तार से बताया। नेत्र दान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने में महत्त्वपूर्ण कदम है। नेत्र दान करने पर चेयरमैन अनुराग शुक्ला /प्राचार्य डॉक्टर अंजू शुक्ला/डॉक्टर मनीष तिवारी/अविनाश सेठी डॉक्टर विवेक अंबलकर/ प्रो निधिश चौबे ने प्रो द्वारा नेत्र दान की घोषणा करने पर शुभकामनाएं दी है।




### NECC

| 28.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188